इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26



वर्ष- 46 अंक - 07 राजनांदगांव, रविवार 22 नवंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

बिहार को पीएम मोदी की 34,470 करोड़ की सौगात: 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन कर बोले- पहले बस घोटाले, अब मना रहे विकास का उत्सव

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार, 21 नवंबर को बिहार के वैशाली जिले में गंगा नदी पर बने छह लेन के आधुनिक पुल 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन किया। यह पुल पटना जिले के कच्ची दरगाह को वैशाली जिले के बिदुपुर से जोड़ता है। करीब 4,280 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस पुल के शुरू होने से पटना और उत्तर बिहार के बीच आवागमन आसान होगा। इससे लोगों को लंबा रास्ता तय करने और यातायात की परेशानी से राहत मिलेगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई नेता मौजूद रहे। पुल का नाम बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सम्मान में 'नीतीश सेतु' रखा गया है।



नीतीश सेतु का उद्घाटन कर गमछा लहराया, बोले- यह उनके सेवा समर्पण का सम्मान

प्रधानमंत्री मोदी ने वैशाली में गंगा नदी पर बने कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह-लेन पुल नीतीश सेतु का लोकार्पण किया। उद्घाटन से पहले पीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गले लगाया और बाद में पुल पर टहलते हुए गमछा लहराकर लोगों का अभिवादन किया। अपने संबोधन में पीएम ने कहा, गंगा मईया पर बने इस पुल का नाम नीतीश जी के सम्मान में रखा गया है, जो उनके सेवा समर्पण का प्रतीक है। इससे पटना और वैशाली की दूरी कम होगी, किसानों के फल-सब्जियां व दूध बड़े बाजार तक पहुंचेंगे और बच्चों की पढ़ाई व बुजुर्गों की दवाई में बड़ी सहूलियत मिलेगी।

दशकों तक बदहाली झेलने वाले बिहार को नीतीश जी के नेतृत्व में सुशासन मिला

एनडीए सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर वैशाली की लोकतांत्रिक धरती को नमन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि करीब तीन दशक पहले बिहार ने उम्मीद और विश्वास की नई राह चुनी थी। जिस बिहार को दशकों तक बदहाली झेलनी पड़ी, उसे नीतीश जी के नेतृत्व में सुशासन का भरोसा मिला। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश जी ने सीएम रहते कई साल बिहार की सेवा की और अब उनके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की टीम विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

मेरे मित्र रामविलास पासवान की आत्मा जहां भी होगी, हम पर फूल बरसाती होगी

विशाल जनसभा में उमड़ी भीड़ को देखकर भावुक हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह जनसैलाब इतना विशाल है कि शायद कैमरे में भी पूरी तरह कैद नहीं हो पाएगा, जो जनता की विकास के प्रति जागरूकता का प्रमाण है। लोक आस्था के महापर्व छठ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि छठी मैया के आशीर्वाद से आज हम विकास का पर्व मना रहे हैं। इस दौरान दिवंगत नेता रामविलास पासवान को याद करते हुए पीएम ने कहा, मेरे मित्र रामविलास पासवान की आत्मा जहां भी होगी, हम पर फूलों की वर्षा करती होगी क्योंकि आज उनके सपने साकार हो रहे हैं। पुल के उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

लखनऊ में आईटीआई छात्रों के बीच पहुचे पीएम मोदी, बोले- डिग्री नहीं, हुनर दिलाएगा नौकरी!

लखनऊ। प्रधानमंत्री शनिवार को लखनऊ में आयोजित 5वें राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ITI में पढ़ने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि उन्हें भी IIT के छात्रों जितना सम्मान मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आने वाले समय में नौकरी और रोजगार के लिए केवल डिग्री होना काफी नहीं होगा, बल्कि असली हुनर रखने वाले युवाओं की मांग सबसे ज्यादा बढ़ेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के कारण नौकरियां जाने की चिंता के बीच उन्होंने कहा कि जिसके पास हुनर है, उसकी नौकरी कोई नहीं छीन सकता।



आईआईटी और आईटीआई के छात्रों में फर्क क्यों?

पीएम मोदी ने कहा कि IIT और ITI दोनों देश की असली ताकत हैं। दोनों के विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उन्होंने समाज की सोच पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कोई बच्चा ITI में दाखिला लेता है, तो कई माता-पिता अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह बताने में भी संकोच करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि समाज में आज भी हाथ से काम करने और तकनीकी हुनर सीखने वालों को उतना सम्मान नहीं मिलता, जितना कॉलेज और यूनिवर्सिटी से डिग्री लेने वालों को मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सोच को बदलना जरूरी है। किसी बड़ी कंपनी को चलाने के लिए सिर्फ कुछ डिग्रीधारी लोगों की जरूरत नहीं होती, बल्कि बड़ी संख्या में प्रशिक्षित और हुनरमंद कर्मचारियों की भी जरूरत पड़ती है।

एआई के दौर में किसे मिलेगी नौकरी?

प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर युवाओं की चिंता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज चर्चा हो रही है कि लोगों की नौकरियां छीन लेगा। लेकिन युवाओं को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसके पास काम करने का हुनर है, वह बदलते समय में भी अपनी जगह बना सकता है। आने वाले समय में केवल कागजी डिग्री के बजाय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नीट पेपर लीक मामले में 14 आरोपियों पर आरोप तय, 25 नवंबर से रोजाना सुनवाई

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दिल्ली की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शनिवार को 14 आरोपियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिए हैं। खास बात यह है कि आरोपियों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए से जुड़े तीन सब्जेक्ट एक्सपर्ट भी शामिल हैं। नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सभी 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया है। हालांकि सभी आरोपियों ने आरोप स्वीकार करने से इन्कार किया है। 25 नवंबर से इन आरोपियों के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं, उनमें यश यादव, मांगीलाल बिवाल, दिनेश बिवाल, विकास बिवाल, शुभम खैरनार, धनंजय लोखंडे, प्रहलाद कुलकर्णी, तेजस हर्षद कुमार, डॉ. मनोज शिरुरे, शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर, मनीषा वाघमारे, मनीषा मंधारे और मनीषा संजय हवालदार के नाम शामिल हैं।



इस मामले में सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में 20,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में अपना पहला आरोप पत्र जुलाई में दाखिल किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 12 अगस्त को सीबीआई के आरोप पत्र पर संज्ञान लिया था। इससे पहले कोर्ट ने सभी आरोपियों को 21 नवंबर को कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया था। 21 नवंबर को कोर्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ फॉर्मल चार्ज फ्रेम करने की बात कही गई थी। कोर्ट ने कहा था कि वह इस मामले में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय टीम घोषित, छत्तीसगढ़ के ललित चंद्राकर बने राष्ट्रीय महामंत्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मोर्चा की राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों और विभिन्न सांगठनिक दायित्वों पर नियुक्तियां की गई हैं। 21 नवंबर 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इस नई राष्ट्रीय टीम में छत्तीसगढ़ को भी महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। प्रदेश के ललित चंद्राकर को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि **खम्हन ताम्रकार** को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राष्ट्रीय पदाधिकारियों की पूरी सूची

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष: जोगेन मोहन (असम), श्रीमती ममता मोहंता (ओडिशा), संगम लाल गुप्ता (उत्तरप्रदेश), बबनराव रावजी चौधरी (महाराष्ट्र), सत्यप्रकाश राणा (दिल्ली), डॉ. अर्जुन साहनी (बिहार) और श्रीमती संगीता बलवंत बिंद (उत्तरप्रदेश)।

राष्ट्रीय महामंत्री: गजेन्द्र यादव (दिल्ली), प्रमोद मध्वराज (कर्नाटक) और ललित चंद्राकर (छत्तीसगढ़)। राष्ट्रीय मंत्रीः दशरथजी ठाकोर (गुजरात), टी. वरथराजन (तमिलनाडु), संजीव कुमार (बबलू भगत) (झारखंड), मती सरिता जांगिड़ (हरियाणा), कडगंची रमेश (तेलंगाना), वैभव पवार (मध्य प्रदेश) और भीम कुमार साहू (बिहार)।



खम्हन ताम्रकार को राष्ट्रीय कार्यसमिति में मिली जगह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर जारी हुई पदाधिकारियों की सूची

अन्य संगठनात्मक जिम्मेदारियां: राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव (उत्तर प्रदेश), राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री संजय कुमार गुर्जर (दिल्ली), राष्ट्रीय सह-कार्यालय मंत्री डॉ. अरुण यादव (दिल्ली) और मीडिया संयोजक अजय गुप्ता (बिहार) नियुक्त किए गए हैं।

सोशल मीडिया एवं नीति-शोध विभाग: सोशल मीडिया संयोजक परीक्षित डागर (दिल्ली), सोशल मीडिया सह-संयोजक प्रदीप माहौर सोनी (मध्य प्रदेश), नीति एवं शोध संयोजक प्रो. पंकज चौधरी (दिल्ली) तथा नीति एवं शोध सह-संयोजक आशुतोष बेहेरा (ओडिशा) और राहुल यादव (उत्तर प्रदेश) बनाए गए हैं।

राष्ट्रीय कार्यसमिति में खम्मन सहित 37 सदस्य शामिल

भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति में विभिन्न राज्यों से 37 सदस्यों को शामिल किया गया है। सूची में शामिल नाम और उनके राज्य इस प्रकार हैं-

संजीव रगैया अंडमान एवं निकोबार, निवास राव कंटुबुक्ता- आंध्रप्रदेश, राजीव रंजन (विशाल यादव) - बिहार, संजीव वर्मा- चंडीगढ़, **खम्हन ताम्रकार-छत्तीसगढ़,** विशाल तंडेल- दादर एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव, मती श्वेता सैनी- दिल्ली, शशिकांत सावंत - गोवा, महेंद्रभाई झुंगी - गुजरात, श्रीमती अवनीत कौर- हरियाणा, रामेश्वर प्रजापति - हरियाणा, ओ.पी. चौधरी- हिमाचल प्रदेश, सज्जाद हुसैन कुमार - जम्मू एवं कश्मीर, बोधराज मेहरा - जम्मू एवं कश्मीर, देव नारायण प्रजापति- झारखंड, ए. वी. अरुण प्रकाश- केरलम, सीताराम बाथम- मध्य प्रदेश, श्रीमती समीक्षा गुप्ता- मध्य प्रदेश, राहुल गोविंद केंद्रे- महाराष्ट्र, एल. गोपाल सिंह - मणिपुर, विनोद राय- मेघालय, श्रीमती हर्षदा फरांदे- मुंबई, डॉ. स्मिता आर. काले- मुंबई, प्रभाकर यादव- नागालैंड, प्रशांत नायक- ओडिशा, राजिंदर बिड़ा - पंजाब, सरदार हरविंदर सिंह ढिल्लों- पंजाब, जगदीश देवासी- राजस्थान, श्रीमती संगीता सोलंकी- राजस्थान, गिरिश चंद्र राय- सिक्किम, भानु प्रकाश मुधिराज- तेलंगाना, गोपाल चंद्र चौधरी- त्रिपुरा, भुवन भूषण कमल- उत्तरप्रदेश, डॉ. ऋचा राजपूत- उत्तरप्रदेश, महेंद्र धीमान- उत्तराखंड, अजीत दास- पश्चिम बंगाल, श्रीमती मोनाक्षी कर्मकार दास- पश्चिम बंगाल। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 15 करोड़ की रंगदारी: दवा घोटाले के आरोपी शशांक चोपड़ा को मिली धमकी

दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ के 660 करोड़ रुपये के दवा घोटाले के आरोपित कारोबारी शशांक चोपड़ा से 15 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। फोन करने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर खुद को कुख्यात गैंग्सटर लारेंस बिश्नोई गैंग का गुर्गा बताया और रकम नहीं देने पर परिवार के एक सदस्य की हत्या करने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि जिस नंबर से फोन आया, वह पुर्तगाल का है।



फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बताया

धमकी की वारदात के बाद कारोबारी के स्वजन भयभीत हैं। शिकायत पर दुर्ग पुलिस ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कारोबारी के घर के बाहर पुलिसकर्मी की तैनाती कर दी गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि धमकी देने वाला वास्तव में लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है या फिर उसने कारोबारी को डराने के लिए गैंग का नाम इस्तेमाल किया है।

दुर्ग पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

पुलिस फिलहाल किसी संगठित गैंग की संलिप्तता की पुष्टि नहीं कर रही है। फोन करने वाले की पहचान, मोबाइल नंबर की लोकेशन, काल डिटेल रिकार्ड (सीडीआर) और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। ईडी ने जब्त की हैं 123 संपत्तियां शशांक चोपड़ा का नाम छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन के दवा और मेडिकल उपकरण खरीदी में हुए 660 करोड़ रुपये के घोटाले में सामने आया था। मोक्षित कार्पोरेशन पर निविदा में कथित गड़बड़ी कर अधिक दरों पर आपूर्ति का आरोप है। एसीबी-ईओडब्ल्यू ने जनवरी 2025 में प्राथमिकी दर्ज कर चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। बाद में ईडी ने मोक्षित कार्पोरेशन व उससे जुड़े लोगों की कुल 123 संपत्तियां जब्त की थीं।

छत्तीसगढ़ में महंगी स्कॉच व्हिस्की हुई सस्ती, 33 विदेशी ब्रांडों की नई कीमतें जारी

रायपुर (दावा)। भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते का असर अब छत्तीसगढ़ में भी दिखाई देने लगा है। समझौते के तहत स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत किए जाने के बाद कई प्रीमियम विदेशी शराब ब्रांडों की कीमतों में कमी आई है। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के शेष महीनों के लिए 33 विदेशी शराब ब्रांडों की संशोधित दरों को मंजूरी दी है। नई सूची में जॉनी वॉकर, चिवास रीगल, रॉयल सैल्यूट, ग्लेनलिवेट, ड्यूअर्स, बॉलेंटाइन और सिंगलटन जैसे चर्चित ब्रांड शामिल हैं। नई दरों के मुताबिक, जॉनी वॉकर 18 ईयर के एक केस की कीमत में करीब 5 हजार रुपये की कमी आई है। वहीं, सिंगलटन 12 ईयर के एक केस पर 2,817 रुपये तक की राहत मिली है। जॉनी वॉकर ब्लू लेबल के एक केस की लैंडिंग कीमत 92,939 रुपये और रॉयल सैल्यूट 21 ईयर की 64,079 रुपये निर्धारित की गई है। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में आयात-निर्यात शुल्क कम करने का प्रावधान है। इसका लाभ अब विदेशी शराब के कारोबार में भी देखने को मिल रहा है। हालांकि, सरकारी शराब दुकानों में ग्राहकों को वास्तविक रूप से कितनी कीमत कम चुकानी होगी, यह राज्य सरकार की खुदरा मूल्य निर्धारण नीति पर निर्भर करेगा।



जीएसटी सहायक आयुक्त 1.50 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार, मध्यस्थ भी पकड़ा गया

रायपुर (दावा)। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) जगदलपुर की टीम ने कांकेर में पदस्थ स्टेट जीएसटी विभाग की सहायक आयुक्त अंचला गिरी को 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने ई-वे बिल मामले में रोके गए वाहन को छोड़ने और प्रकरण में राहत देने के एवज में रिश्वत मांगी थी। ट्रैप कार्रवाई के दौरान रिश्वत की रकम एक मध्यस्थ के जरिए प्राप्त करने का मामला सामने आया है। एसीबी ने मध्यस्थ इमरान मेमन को भी पकड़ा है।



वाहन छोड़ने के बदले मांगी थी रकम

जानकारी के अनुसार, कांकेर निवासी शोएब रंगरेज ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सहायक आयुक्त अंचला गिरी ने ई-वे बिल से संबंधित मामले में उनका वाहन रोक लिया था। वाहन रिलीज कराने और प्रकरण में राहत देने के बदले 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायतकर्ता रिश्वत देने के बजाय आरोपी अधिकारी को रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था, जिसके लिए उसने एसीबी से संपर्क किया।

शिकायत का सत्यापन कर बिछाया जाल

शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने रिश्वत मांगने संबंधी आरोपों का सत्यापन कराया। पुष्टि होने पर 21 नवंबर 2026 को ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। निर्धारित कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त अंचला गिरी को उनके निवास पर 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि के साथ पकड़ा गया। एसीबी के अनुसार, रिश्वत की रकम मध्यस्थ के जरिए प्राप्त की गई थी। कार्रवाई में इमरान मेमन की संलिप्तता सामने आने पर उसे भी पकड़ा गया। इमरान, इदरीश मेमन का 30 वर्षीय पुत्र है और संजयनगर, कांकेर का निवासी बताया गया है। एसीबी के अनुसार, रिश्वत की रकम अधिकारी तक पहुंचाने में उसकी भूमिका थी। दोनों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ट्रैप कार्रवाई के बाद एसीबी ने सहायक आयुक्त के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मुंबई-हैदराबाद समेत 3 शहरों के मेटा ऑफिस में तोड़फोड़-हंगामा: 4 पर एफआईआर

मुंबई/हैदराबाद/मुंबई। हैदराबाद, मुंबई और गुरुग्राम में मेटा के ऑफिसों के बाहर प्रदर्शन और तोड़फोड़ के मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मुंबई पुलिस ने शनिवार को यूथ कांग्रेस के चार नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को विपक्षी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट सस्पेंड किए जाने के खिलाफ तीन शहरों में मेटा ऑफिसों के बाहर प्रदर्शन किया था। हैदराबाद में प्रदर्शनकारी मेटा ऑफिस के अंदर घुस गए और वहां तोड़फोड़ की। मुंबई में प्रदर्शन के दौरान बिल्डिंग के शीशे पर आरएसएस का बेटा मेटा' लिखा गया। वहीं, गुरुग्राम में प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस के मेन गेट पर ताला लगा दिया। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर मेटा ने 19 नवंबर को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा के इंस्टाग्राम अकाउंट



यूथ कांग्रेस बोली- बीजेपी के कहने पर नेताओं के अकाउंट सस्पेंड किए

सस्पेंड कर दिए थे। संगठन ने मेटा को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। उसका कहना है कि अगर इस दौरान विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के अकाउंट पर लगी पाबंदियां नहीं हटाई गईं तो देशभर में मेटा ऑफिसों के बाहर प्रदर्शन किए जाएंगे। मुंबई के BKC स्थित वर्ल्ड वन बिल्डिंग में 20 नवंबर को शाम करीब 5.40 बजे 20 से 25 लोग इकट्ठा हुए थे। FIR के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान लाल फूलों वाली ड्रेस पहनी एक महिला ने बिल्डिंग के शीशे पर 'RSS का बेटा मेटा' लिखा। इससे शीशे को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने जिन चार लोगों को नामजद किया है, उनमें जीना सबरीन, नेशनल यूथ कांग्रेस सचिव पवन मजेठिया, निखिल रुपारेल और जाफर शामिल हैं। इसके अलावा 15 से 20 अज्ञात महिलाओं को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223, महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37(3) और 135 और महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1995 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है।

हैदराबाद में 21 प्रदर्शनकारी हिरासत में लिए गए

तेलंगाना यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जक्किडी शिव चरण रेड्डी के नेतृत्व में कार्यकर्ता हैदराबाद स्थित मेटा ऑफिस पहुंचे थे। सामने आए वीडियो में प्रदर्शनकारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ट्रम्प बोले-भारत में ब्याज दरें कम, इसलिए 7 प्रतिशत विकास दरः हम घटाएं तो 15 प्रतिशत ग्रोथ संभव; अमेरिका में 4 प्रतिशत इंटरेस्ट रेट

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत की 7 प्रतिशत GDP ग्रोथ का उदाहरण देकर अपने देश के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारत में ब्याज दरें कम हैं, इसलिए उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। अगर अमेरिका में भी ब्याज दरें कम रखी जाएं तो वहां की ग्रोथ 15 से 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि जब भी अमेरिका के आर्थिक आंकड़े अच्छे आते हैं तो फेडरल रिजर्व ब्याज दरें बढ़ा देता है। जबकि ऐसे समय में दरें कम होनी चाहिए, ताकि कारोबार और निवेश को बढ़ावा मिले। हालांकि भारत में RBI की रेपो रेट 5.50 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर 3.75 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच है।



भारत से 1.5 प्रतिशत कम

ट्रम्प बोले- अर्थव्यवस्था अच्छी हो तो ब्याज दरें बढ़ाना गलत

ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व को राजनीतिक बताते हुए कहा कि वह ब्याज दरों को लेकर सही फैसला नहीं ले रहा है। उनके मुताबिक, जब देश की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही हो तो ब्याज दरें कम करनी चाहिए। इससे कंपनियों और लोगों के लिए कर्ज लेना सस्ता होगा और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

पिछले 5 साल में भारत की ग्रोथ 7 प्रतिशत ज्यादा

भारत की अर्थव्यवस्था पिछले पांच साल से लगातार 7 प्रतिशत से ज्यादा की रफ्तार से बढ़ रही है। 2021-22 में GDP ग्रोथ करीब 9 प्रतिशत रही थी। इसके बाद भी विकास दर 7 प्रतिशत से ऊपर बनी रही। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से तुलना करें तो भारत की ग्रोथ काफी तेज है। चीन की अर्थव्यवस्था करीब 4.5 से 4.8 प्रतिशत, अमेरिका की 2.1 से 2.3 प्रतिशत और यूरोप की करीब 1 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रही है। भारत की तेज ग्रोथ के पीछे घरेलू बाजार में बढ़ती मांग, सड़क-रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च और सर्विस सेक्टर का बड़ा रोल है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पहला कॉलम...

आज जिला साहू संघ द्वारा विशाल रक्तदान शिविर, रक्तवीरों को हेलमेट व कॉलेज बैग देकर किया जाएगा सम्मानित

राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं जिलाध्यक्ष नोबल साहू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला साहू सदन बसंतपुर में आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा रविवार, 22 नवंबर को राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं जिलाध्यक्ष नोबल साहू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्थानीय जिला साहू सदन, बसंतपुर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष नोबल साहू ने समाज के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से हेलमेट और कॉलेज बैग भेंट किए जाएंगे। यह पहल युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को बढ़ावा देने का प्रयास है। मां कर्मा रक्तवीर क्लब के संरक्षक मदन लाल साहू ने भी युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों से शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता कभी भी किसी को पड़ सकती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान ही जरूरतमंदों की मदद का सबसे बड़ा माध्यम है। जिला साहू संघ ने समस्त समाजजनों एवं नगरवासियों से जिला साहू सदन पहुंचकर मानव सेवा के इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है।

आज भिलाई में राजपूत क्षत्रिय महासभा की केंद्रीय निर्णायक समिति की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्रमांक 1282) रहटादह की केंद्रीय निर्णायक समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 22 नवंबर को दोपहर 11:30 बजे से आयोजित की गई है। महासभा के मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने बताया कि यह बैठक भिलाई उपसमिति के आतिथ्य में महाराणा प्रताप मंगल भवन, सुपेला (थाने के पीछे) में संपन्न होगी। महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में महासभा के महासचिव अशोक ठाकुर ने समस्त केंद्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न उपसमितियों के अध्यक्षों तथा केंद्रीय निर्णायक समिति के सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

आज मनकी में गंधर्व समाज का दिवाली मिलन समारोह एवं बैठक

राजनांदगांव (दावा)। गंधर्व समाज क्षेत्र राजनांदगांव के तत्वावधान में 22 नवंबर को दिवाली मिलन समारोह एवं सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से मनकी स्थित शहीद द्वारिका प्रसाद गंधर्व भवन में प्रारंभ होगा। गंधर्व समाज राजनांदगांव क्षेत्र के अध्यक्ष भागवत देवदास ने बताया कि समारोह के दौरान समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज के वरिष्ठजन राजकुमार महानदिया, हरिराम सोनवानी, माधो रांवगां सहित अन्य गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष के निर्देशानुसार राजनांदगांव क्षेत्र के समस्त सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है।

कल चंदिया में कार्तिक मेला

जोंधरा (दावा)। ग्राम चंदिया में कार्तिक मेले का आयोजन 23 नवंबर को रखा गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। जो संध्या 5 बजे तक चलता है। जिसके पश्चात संध्या सात बजे रामलीला का आयोजन होता है। इस अवसर पर रात्रि में गुजरा धमतरी वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का आयोजन भी रखा गया है। ग्रामवासियों ने इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पंहुचने की अपील की है।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण 13 को

राजनांदगांव (दावा)। छग कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में 13 दिसंबर को स्थानीय गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम (गौरव पथ) में भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, संभागीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए राजनांदगांव शहर के विभिन्न वार्डों सहित सर्किल, जिला और संभागीय स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

तुलसी विवाह के लिए खूब बिके गन्ने, घर-घर पूजी गई माता तुलसी वृंदा

देवउठनी के साथ प्रारंभ हुआ मांगलिक आयोजनों का दौर, जमकर गूंजेंगी शहनाईयां



राजनांदगांव (दावा)। तिथियों के संयोग और बारिश की फुहारों के बीच इस बार दो दिनों तक देवउठनी पर्व अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार और शनिवार को मौसम में बदलाव व हल्की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। विशेष रूप से महिलाओं में तुलसी विवाह को लेकर खासा उत्साह देखा गया। शाम होते ही घर-घर तुलसी चौरा के पास महिलाओं ने एकत्रित होकर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी वृंदा के विवाह की रस्में निभाईं। भगवान विष्णु व तुलसी विवाह रचाने के लिए बाजार में दिनभर गन्ने और पूजन सामग्रियों की जबरदस्त बिक्री हुई। हल्की बारिश के दौर के बीच भी लोगों ने उत्साहपूर्वक गन्ने और अन्य सामग्रियों की खरीदी की। शाम होते ही घरों के तुलसी चौरा को गन्ने का मंडप बनाकर फूलों, आकर्षक रंगोली और जगमगाते दीपों से सजाया गया। सुहागिन महिलाओं व युवतियों ने माता तुलसी को हल्दी-कुमकुम, चूड़ी, चुनरी, सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री, मौसमी फल, फूल, नारियल व मिष्ठान अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंगल गीतों के बीच फेरे लेकर विवाह संपन्न कराया गया और आरती उतारकर परिवार की सुख-शांति व खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर बच्चों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी भी की।

पौराणिक मान्यता के अनुसार वर्षाकाल के चातुर्मास में जगत के पालनहार भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में रहते हैं। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु के जागने के साथ ही देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। तुलसी विवाह के संपन्न होते ही पिछले चार महीनों से रुके हुए विवाह, गृहप्रवेश व अन्य शुभ मांगलिक कार्यों की फिर से शुरुआत हो गई है।

शादी सीजन में गुलजार रहेगा बाजार, करोड़ों के कारोबार की उम्मीद

कारोबार जगत के जानकारों के अनुसार, देवउठनी के साथ विवाह का सीजन शुरू होते ही बाजार में रौनक बढ़ गई है। अनुमान है कि 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक मात्र 25 दिनों में प्रदेश में सवा लाख से डेढ़ लाख शादियां संपन्न होंगी। जिससे प्रदेश भर में करीब 18 से 20 हजार करोड़ रुपए का कारोबार होने की संभावना है। इस खर्च का सीधा लाभ सराफा, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के साथ-साथ होटल, मंगल भवन, मैरिज गार्डन, कैटरिंग, टेंट, सजावट, फोटोग्राफी, परिवहन, ब्यूटी सेवाएं, मिठाई व किराना व्यापारियों सहित छोटे कारीगरों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी मिलेगा।

मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटर साइकिल चालक के खिलाफ की गई कार्रवाई

चिचोला चौकी पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर इस्तगासा न्यायालय में किया पेश



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला चौकी पुलिस ने अपने क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर कानफोडू आवाज में मोटरसाइकिल चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा वाहन की जब्ती व चालानी कार्रवाई करते हुए मामला न्यायालय में पेश किया गया है।

चिचोला चौकी प्रभारी ने बताया कि शनिवार 21 नवंबर को पुलिस चौकी चिचोला द्वारा रेंगाटोला क्षेत्र में यातायात नियमों के पालन हेतु वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटर साइकिल क्रमांक एमएच 40 सीएस 3445 (बुलेट) के चालक को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि चालक बिना हेलमेट वाहन चला रहा था तथा मोटर साइकिल में नियमों के विरुद्ध मॉडिफाइड साइलेंसर लगा हुआ था। चालक का यह कृत्य मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119/177, 144/177, 194(घ) एवं 182(क)(4) के तहत दंडनीय पाए जाने पर मौके पर मोटर पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने प्रकरण में इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया है। वाहन स्वामी का नाम निरंजन विट्ठल, निवासी डोंगरगांव बताया गया है। चिचोला चौकी पुलिस ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

आज मानिकपुरी समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह

दिसंबर में आयोजित होने वाले परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह और प्रतिभा सम्मान समारोह की रूपरेखा पर होगी चर्चा, शांति नगर स्थित सद्गुरु कबीर सामुदायिक भवन में सुबह 11:30 बजे से जुटेंगे समाजजन

राजनांदगांव (दावा)। मानिकपुरी समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह रविवार 22 नवंबर को स्थानीय सद्गुरु कबीर सामुदायिक भवन, शांति नगर में पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया गया है। समारोह में जिला संगठन के पदाधिकारियों सहित शहर इकाई राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, घुमका, मोहारा एवं लिटिया क्षेत्र के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल होंगे।

बैठक के दौरान आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह तथा प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। समाज के जिला अध्यक्ष ज्ञान दास मानिकपुरी ने समस्त पदाधिकारियों एवं समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, नन्हे-मुन्नों ने मनमोहक वेशभूषा से जीता दिल



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी, केजी-1, केजी-2 एवं कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में सजकर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। किसी ने महापुरुषों, किसी ने देवी-देवताओं तो किसी ने विभिन्न सामाजिक एवं प्रेरणादायक किरदारों का रूप धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्रीमती अर्पिता जेठानी, श्रीमती नीलम सिंह सोनी, श्रीमती पिंकी माहेश्वरी, श्रीमती किरन बिसेन एवं श्रीमती गोमती सोनी उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने बच्चों की वेशभूषा, प्रस्तुति, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता के नर्सरी (अ) वर्ग में शिविका सिंह एवं सावी बमलेश्वर ने संयुक्त रूप से प्रथम, जय चक्रवर्ती ने द्वितीय तथा इलेन लाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, नर्सरी (ब) वर्ग में प्रासी व वाश्क ने शानदार प्रदर्शन किया।

स्थगन याचिका खारिज होना मूल अपील का अंतिम फैसला नहीं, हाईकोर्ट जाने की तैयारी में निर्वाचित कार्यकारिणी

बौद्ध कल्याण समिति विवाद : वाणिज्य एवं उद्योग सचिव के आदेश की भ्रामक व्याख्या कर समाज को गुमराह करने का आरोप, रजिस्ट्रार के मूल आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत अपील पर सुनवाई अभी लंबित



राजनांदगांव (दावा)। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के चुनाव को लेकर जारी विवाद गहराता जा रहा है। निर्वाचित कार्यकारिणी ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग सचिव द्वारा स्थगन (स्टे) आवेदन खारिज किए जाने को ही अंतिम और मूल आदेश बताकर समाज व मीडिया को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकारिणी ने स्पष्ट किया है कि स्थगन याचिका खारिज होने का अर्थ मूल अपील का अंतिम निराकरण कतई नहीं है और वे इस पूरे प्रकरण को लेकर अब उच्च न्यायालय (हाईकोर्ट) जाने की तैयारी कर रहे हैं।

निर्वाचित कार्यकारिणी ने कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि सहायक रजिस्ट्रार के आदेश को पहले रजिस्ट्रार के समक्ष चुनौती दी गई थी। इसके पश्चात रजिस्ट्रार रायपुर के आदेश के विरुद्ध वाणिज्य एवं उद्योग सचिव, मंत्रालय रायपुर के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई है। इस अपील में दो पृथक विषय शामिल हैं– पहला, रजिस्ट्रार के आदेश पर स्थगन प्रदान करने की मांग और दूसरा, रजिस्ट्रार के मूल आदेश को निरस्त करने की मुख्य अपील। कार्यकारिणी के अनुसार, स्थगन आवेदन पर निर्णय और मूल अपील पर अंतिम फैसला दो अलग-अलग न्यायिक प्रक्रियाएं हैं। मूल अपील अभी लिखित तर्कों एवं आगामी सुनवाई के लिए लंबित है।

बंद कमरे में चुनाव और आपत्तियों के निराकरण पर सवाल

विवाद का मुख्य आधार बंद कमरे में कराए गए चुनाव और उस पर उठाई गई गंभीर आपत्तियां हैं। निर्वाचित पक्ष का कहना है कि जिन तथ्यों के आधार पर चुनाव प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी, उन पर रजिस्ट्रार द्वारा न तो समुचित गुण-दोष के आधार पर सुनवाई की गई और न ही प्रत्येक आपत्ति का बिंदुवार तार्किक निराकरण आदेश में दर्ज किया गया। इसी कारण रजिस्ट्रार के आदेश को शासन के समक्ष चुनौती दी गई है।

विधि विशेषज्ञों से परामर्श के बाद जाएंगे हाईकोर्ट

कार्यकारिणी ने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि सुनवाई के दौरान अधिवक्ता द्वारा तर्कों के साथ दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए जाने के बावजूद स्थगन नहीं दिया गया, और अपीलार्थी पक्ष को अब तक आदेश की प्रति भी प्राप्त नहीं हुई है। पदाधिकारियों ने कहा कि वे आपसी विचार-विमर्श और विधि विशेषज्ञों से परामर्श के बाद इस आदेश को चुनौती देने तथा समूचे प्रकरण को माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर अंतिम निर्णय लेंगे। उनका मानना है कि न्याय पाने के सभी संवैधानिक रास्ते खुले हैं और किसी अंतरिम आदेश को अंतिम परिणाम मानकर समाज में भ्रम फैलाना अनुचित है। यह लड़ाई किसी पक्ष की जीत-हार की नहीं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में लोकतांत्रिक पारदर्शिता और समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है।





सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गणेशराम, पिता श्री सगनूराम, जाति-तेली,उम्र लगभग 65 वर्ष, निवासी ग्राम मोहभट्ठा, तहसील मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (छत्तीसगढ़) के नाम पर ग्राम मोहला स्थित भूमि खसरा नंबर 72/22, रकबा 1.031 हेक्टेयर दर्ज है। उक्त भूमि के संबंध में शपथ-पत्र में दिए गए कथनानुसार भूमि के विक्रय एवं पंजीयन की कार्यवाही प्रस्तावित है। अतः उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य पक्षकार को कोई आपत्ति या दावा हो, तो वे इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपने वैध दस्तावेजों सहित संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

स्थान : मोहला

सूचनाकर्ता :
श्री गणेशराम
दिनांक : 21/11/2026

शुभांक

अनुमानित

बी.	के.
590-6	127-5

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वसे शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह गणना के आधार पर बताया गया है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। - सम्पादक

जिले में अब तक 6,406 किसानों से 24,038.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी

23 नवंबर को धान विक्रय के लिए 1,460 टोकन जारी, 6,441.13 मीट्रिक टन धान की होगी खरीदी

अवैध भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई : अब तक 29 प्रकरणों में 2,807.50 क्विंटल धान जब्त



राजनांदगांव (दावा)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले के सभी 122 धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 20 नवम्बर 2026 तक कुल 6406 किसानों से 24038.12 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। आज 21 नवम्बर 2026 को धान खरीदी नहीं हुई। आगामी खरीदी दिवस 23 नवम्बर 2026 को धान विक्रय के लिए जिले के 122 उपार्जन केन्द्रों में कुल 1460 टोकन जारी किए गए हैं। इन टोकनों के माध्यम से कुल 6441.13 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने किसानों से टोकन में निर्धारित तिथि पर ही साफ-सुथरा एवं सूखा धान लेकर संबंधित उपार्जन केन्द्र पहुंचने की अपील की गई है।

अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त निगरानी

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने तथा अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 21 नवम्बर 2026 को मंडी राजनांदगांव द्वारा अवैध धान के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2 प्रकरण दर्ज किए गए तथा कुल 1355 कट्टा अर्थात 542 क्विंटल धान जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम खपरीखुर्द में एक उद्योग से 745 कट्टा अर्थात 298 क्विंटल धान तथा ग्राम पार्रीकला में एक राइस मिल से 610 कट्टा अर्थात 244 क्विंटल धान जप्त किया गया। लाइसेंस की तय सीमा से अधिक धान का संग्रहण किए जाने एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण जप्ती की कार्रवाई की गई।

अब तक 29 प्रकरणों में 2807.50 क्विंटल धान जप्त

जिले में अवैध धान के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई अंतर्गत 20 नवम्बर 2026 तक कुल 27 प्रकरण दर्ज कर 2265.50 क्विंटल धान जप्त किया गया था। वहीं 21 नवम्बर को 2 नए प्रकरणों में 542 क्विंटल धान जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में अब तक अवैध धान से संबंधित कुल 29 प्रकरण दर्ज कर 6615 कट्टा अर्थात 2807.50 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अब तक 3 वाहनों की जप्ती की कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जिले में धान खरीदी की सतत निगरानी करते हुए वास्तविक किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

आईजी अजय यादव ने किया मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी का वार्षिक निरीक्षण



अंबागढ़ चौकी (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक (राजनांदगांव रेंज) अजय यादव (भापुसे) द्वारा शुक्रवार 20 नवंबर को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले की पुलिस व्यवस्था, कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों, कार्यालयीन अभिलेखों एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के प्रथम चरण में रक्षित केंद्र मोहला स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में भव्य वार्षिक निरीक्षण परेड का आयोजन किया गया। आईजी श्री यादव के आगमन पर पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मंजूलता बाज, एसडीओपी मानपुर विनोद कुमार मिंज, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्रीमती नेहा पवार एवं एसडीओपी अंबागढ़ चौकी नोहरलाल मंडावी द्वारा उनका स्वागत किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक भुवनेश्वर कश्यप के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने सलामी दी। परेड निरीक्षण व मार्चपास्ट के दौरान उत्कृष्ट वेशभूषा एवं अनुशासित प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को आईजी द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।निरीक्षण के दौरान रक्षित केंद्र मोहला में जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं, सुझावों एवं मांगों के निराकरण हेतु पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। स्वागत उद्बोधन में एसपी वाय.पी. सिंह ने जिले की आधारभूत पुलिस अधोसंरचना और शासकीय आवासों की कमी के बावजूद पुलिस द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों से अवगत कराया। आईजी श्री यादव ने नवगठित जिले में सीमित संसाधनों के बीच पुलिस की निष्ठा एवं समर्पण की सराहना की और कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता आज भी न्याय और सुरक्षा के लिए पुलिस पर सबसे अधिक विश्वास करती है। कोरोना काल में पुलिस के जनसेवा कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हुई थी। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पुलिसकर्मी को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। अंत में एएसपी श्रीमती मंजूलता बाज ने आभार व्यक्त किया।

एसपी कार्यालय एवं थाना मोहला का निरीक्षण

पुलिस दरबार के पश्चात आईजी श्री यादव ने रक्षित केंद्र मोहला में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवनिर्मित पुलिस जिम्नेजियम का उद्घाटन किया, जिससे जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने में मदद मिलेगी। इसके पश्चात थाना मोहला परिसर में नवनिर्मित यातायात शाखा का भी उद्घाटन किया गया, जिससे जिले में यातायात संचालन और सड़क सुरक्षा कार्यों को गति मिलेगी।

अगले चरण में आईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला की विभिन्न शाखाओं के कार्यों व रिकॉर्ड संधारण की समीक्षा की। व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया। इसके बाद थाना मोहला का निरीक्षण कर साफ-सफाई, शासकीय संपत्तियों के रखरखाव व अपराध विवेचना की स्थिति का जायजा लिया और दिए गए निर्देशों का समय-सीमा में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीओपी मानपुर विनोद कुमार मिंज, डीएसपी (मुख्यालय) श्रीमती नेहा पवार, एसडीओपी अंबागढ़ चौकी नोहरलाल मंडावी, रक्षित निरीक्षक भुवनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी मोहला निरीक्षक संदीप टोप्पो, थाना प्रभारी गोटाटोला निरीक्षक खोमन भंडारी, थाना प्रभारी खड़गांव निरीक्षक सुशील त्रिपाठी, थाना प्रभारी सीतागांव निरीक्षक संजय यादव, थाना प्रभारी औंधी निरीक्षक ईश्वर ध्रुव, थाना प्रभारी मानपुर उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया, थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक संजय मरावी, चौकी प्रभारी पाटनखास उप निरीक्षक सुरेंद्र नेताम सहित प्रशिक्षु उप निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मोहारा मेला को लेकर यातायात पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी, 23 से 25 नवंबर तक बदला रहेगा रूट



राजनांदगांव (दावा)। आगामी 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले मोहारा मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों के जुटने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस राजनांदगांव ने विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। आम नागरिकों के सुगम आवागमन और बेहतर यातायात संचालन के लिए यह नई व्यवस्था 23 नवंबर को दोपहर 3 बजे से 25 नवंबर को कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। यातायात पुलिस द्वारा जारी निर्देशों के तहत इस निर्धारित अवधि के दौरान मोहारा क्षेत्र में सभी प्रकार के भारी एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों की सुविधा के लिए यातायात पुलिस ने निम्नलिखित डायवर्सन रूट तय किए हैं। जिसमें बालोद और धमतरी की ओर से राजनांदगांव आने वाले भारी एवं चार पहिया वाहनों को सुरगी से डायवर्ट किया गया है।

मोहारा क्षेत्र में भारी व मध्यम वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित, जानिए कौन से रास्ते रहेंगे डायवर्ट

ये वाहन मोखला, भर्रेगांव और खुटेरी होते हुए नेशनल हाईवे के रास्ते राजनांदगांव शहर में प्रवेश करेंगे। दल्लीराजहरा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को जेवरतला से डायवर्ट होकर नांदिया और डोंगरगांव के रास्ते राजनांदगांव आना होगा। वहीं, चार पहिया वाहन सिंघोला, करमतरा, मोखला और कोटरासरार होते हुए जंगलपुर के रास्ते राजनांदगांव पहुंच सकेंगे। राजनांदगांव से धमतरी एवं बालोद की ओर जाने वाले सभी वाहन टोल प्लाजा खुटेरी, मोखला और सुरगी मार्ग से होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे।

राजनांदगांव से दल्लीराजहरा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को डोंगरगांव, नांदिया और जेवरतला मार्ग से होकर गुजरना होगा। यातायात पुलिस ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आम वाहन चालकों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित डायवर्सन मार्गों का ही उपयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

पहला कॉलम...

आप दुखी हैं, फिर भी सामने कोई दुखी आए तो उसकी मदद अवश्य करें : मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी

ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान धर्मसभा को किया संबोधित



राजनांदगांव (दावा)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि यदि आप स्वयं दुखी हैं और आपके सामने कोई अन्य दुखी व्यक्ति पहुंच जाता है, तो उसकी सहायता अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रायः दुख के समय ही भगवान को याद करते हैं और सुख आते ही उन्हें भूल जाते हैं। जबकि परमात्मा का स्मरण हर परिस्थिति में करना चाहिए। यदि हम सदैव परमात्मा को याद रखें, तो बड़े से बड़ा दुख भी हमें कष्ट नहीं पहुंचा पाएगा। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि स्थानीय ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि हर व्यक्ति के शरीर की बनावट अलग होती है। किसी का शरीर कमजोर होता है तो किसी का वज्र के समान मजबूत। बलशाली व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह सदैव कमजोर लोगों की रक्षा करे। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि आजकल वज्र शरीर वाले बच्चे बिरले ही होते हैं, क्योंकि आज जन्म से पूर्व ही दवाइयों और इंजेक्शन का दौर शुरू हो जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हनुमान जी का शरीर वज्र के समान था। यदि वे चट्टान पर भी गिरते तो चट्टान चकनाचूर हो जाती थी। इसके साथ ही उन्होंने जैन रामायण की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि रावण द्वारा अपहरण किए जाने के दौरान भी माता सीता ने रावण को कभी नहीं देखा था। क्योंकि उनके मन और विचारों में केवल प्रभु श्रीराम ही बसे हुए थे।

इंटर स्कूल खो-खो एवं फैशन शो प्रतियोगिता में गुजराती स्कूल का शानदार प्रदर्शन

जूनियर बालिका व बालक वर्ग में द्वितीय तथा सीनियर बालक वर्ग खो-खो में प्राप्त किया तृतीय स्थान



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ठाकुरटोला में आयोजित अंतरविद्यालयीन (इंटर स्कूल) प्रतियोगिता में गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए खो-खो एवं फैशन शो में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। खो-खो प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में रोमांचक मुकाबलों के बीच विद्यालय की जूनियर बालिका टीम ने द्वितीय स्थान, जूनियर बालक टीम ने द्वितीय स्थान तथा सीनियर बालक टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना के साथ मैदान में उत्कृष्ट खेल का परिचय दिया।

खेल के साथ-साथ फैशन शो प्रतियोगिता में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का लोहा मनवाया। इसमें कक्षा 12वीं की छात्रा श्रद्धा हरिहरनो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया, वहीं कक्षा 5वीं की प्रियांशी घोष ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस दोहरी उपलब्धि पर गुजराती शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल एवं सचिव सहित समस्त पदाधिकारियों व शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

महिला हैंडबॉल में राजनांदगांव की टीम ने जीता स्वर्ण, फाइनल में बिलासपुर को 15-1 से दी शिकस्त

राजनांदगांव (दावा)। अंतरराज्यीय यूनिवर्सिटी स्टेट टूर्नामेंट में राजनांदगांव की महिला हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। खिताबी (फाइनल) मुकाबले में राजनांदगांव की टीम ने एकतरफा खेल का प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर को 15-1 के बड़े अंतर से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान राजनांदगांव की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आपसी तालमेल का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में भी टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए बिलासपुर की टीम पर दबाव बनाए रखा और अंततः बड़ी जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास के साथ-साथ कोच राजा कुरैशी का कुशल मार्गदर्शन तथा टीम मैनेजर श्रीमती नीता नायर का सहयोग और बेहतर प्रबंधन रहा। राजनांदगांव की स्वर्ण पदक विजेता टीम में कनक जोगी, ज्योति मांडवी, करुणा यादव, तनुजा मांडवी, भूमि कोचर, लिशा मरकाम, पूर्वी, अपूर्वा, याशिका, सौम्या और सृष्टि शामिल रहीं। महिला हैंडबॉल टीम की इस गौरवशाली उपलब्धि से जिले के खेल जगत में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों एवं पदाधिकारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आज श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं बैठक

आगामी कार्ययोजनाओं पर लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला राजनांदगांव (पंजीयन क्रमांक 108/2) के तत्वावधान में जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं आवश्यक बैठक का आयोजन रविवार, 22 नवंबर को सुबह 11 बजे से मां कर्मा भवन, रेवाडीह में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान श्रीराम के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ होगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठान के संरक्षक कुलबीर सिंह छाबड़ा उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष यादव करेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू एवं प्रांतीय विधि सलाहकार पोषण शुक्ला शामिल होंगे।जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने बताया कि इस दीपावली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी स्नेह, भाईचारे और सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ बनाते हुए संगठन को नई मजबूती प्रदान करना है। बैठक के दौरान प्रतिष्ठान की आगामी कार्ययोजनाओं, संगठन के विस्तार, ब्लॉक इकाइयों की सक्रियता और मानस मंडलियों के सुव्यवस्थित संचालन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। समारोह में डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव ब्लॉक इकाइयों के पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों, मानस मंडलियों के संचालकों तथा उद्घोषकों को आमंत्रित किया गया है। जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

कलेक्टर ने मोहारा कार्तिक पूर्णिमा मेला के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत मोहारा में 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मेला स्थल पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, समुचित प्रकाश व्यवस्था, आवश्यक बेरिकेटिंग, दुकानों के लिए स्थान निर्धारण एवं मेला परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों की तैनाती करने कहा है। साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए मेला स्थल पर एम्बुलेंस सहित चिकित्सा दल एवं फायर ब्रिगेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिवनाथ नदी के किनारे स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित तैराकों एवं नगर सेना के जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।

राजनांदगांव की महक नरवासे फिर भारतीय अंडर-19 महिला टीम में चयनित



इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए मिली टीम में जगह

राजनांदगांव (दावा)। शहर की उभरती महिला क्रिकेट प्रतिभा महक नरवासे ने एक बार फिर राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय भारतीय अंडर-19 महिला टीम की घोषणा की है। जिसमें राजनांदगांव की महक नरवासे को पुनः स्थान मिला है। महक का चयन उनकी निरंतर मेहनत और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का परिणाम है। इससे पहले भी वे भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। जून-जुलाई 2026 में श्रीलंका अंडर-19 टीम के भारत दौरे के दौरान महक न केवल भारतीय टीम में चुनी गई थीं, बल्कि उन्हें उपकप्तान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। अब इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में उन्हें फिर से टीम में शामिल किया जाना उनके लगातार बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है।

वडोदरा और सूरत में खेले जाएंगे पांच टी-20 मुकाबले

आगामी श्रृंखला में भारतीय अंडर-19 टीम की कप्तानी भाविका अहीर करेंगी। जबकि अनादी तागड़े उपकप्तान होंगी। टीम में महक नरवासे के अलावा इरा जाधव, निधि माहतो, पूर्वा सिवाच और मैत्री मनियार सहित अन्य प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड अंडर-19 महिला टीमों के बीच पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला का पहला और दूसरा मुकाबला क्रमशः 26 एवं 28 नवंबर को वडोदरा में खेला जाएगा। इसके पश्चात शेष तीन मुकाबले 1, 3 और 6 दिसंबर को सूरत में आयोजित होंगे।

यह श्रृंखला जनवरी 2027 में होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप की तैयारियों के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि महक नरवासे के लगातार दूसरी बार भारतीय अंडर-19 टीम में स्थान बनाने से राजनांदगांव के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने कहा कि महक की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का फल है। उन्होंने साबित किया है कि राजनांदगांव की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं। यह सफलता क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देख रही शहर की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

आईआईटी भिलाई में आयोजित मेंटरिंग कार्यशाला में जिले के दो व्याख्याता हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत आईआईटी भिलाई में आयोजित तीन दिवसीय मेंटरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा के व्याख्याता डैनी राम वर्मा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक बडगांव चारभाठा के व्याख्याता अरूण कुमार निषाद ने सहभागिता कर विज्ञान में नवाचार, रचनात्मक सोच, खोज एवं आविष्कार से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को विज्ञान शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं गतिविधि आधारित बनाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, अनुभव एवं गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। जिससे बच्चे विज्ञान को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर प्रयोग, अवलोकन, तार्किक चिंतन एवं नवाचार के माध्यम से सीख सकेंगे। कार्यशाला में समग्र शिक्षा की आयुक्त श्रीमती किरण कौशल, अतिरिक्त प्रबंध संचालक के कुमार, उप संचालक डीके कौशिक, सहायक संचालक श्रीमती मंजुलता साहू एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती राखी सिन्हा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

महेंद्र नगर व प्रभात नगर में निर्मित आंगनबाड़ी भवनों का महापौर ने किया लोकार्पण

12-12 लाख रुपए की लागत से बने सर्वसुविधायुक्त भवन, अब स्वयं के भवन में बच्चों को मिलेगी प्रारंभिक शिक्षा व पोषण आहार



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा शहर विकास की कड़ी में गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 23 के महेंद्र नगर एवं प्रभात नगर में महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत 12-12 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया गया है। शनिवार को महापौर मधुसूदन यादव ने दोनों स्थानों पर आयोजित गरिमामय समारोह में फीता काटकर एवं पट्टिका का अनावरण कर नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य एवं वार्ड पार्षद राजा माखीजा तथा पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा सहित अन्य गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए महापौर श्री यादव ने वार्डवासियों को बधाई दी और कहा कि स्थानीय नागरिकों की मांग पर बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त दो आंगनबाड़ी भवन तैयार किए गए हैं। अब क्षेत्र के नौनिहाल स्वयं के भवन में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे तथा बच्चों और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्यवर्धक पोषण आहार का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर शासन से प्राप्त राशि से शहर में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर ने बताया कि वार्ड में हाउसिंग बोर्ड उद्यान के जीर्णोद्धार तथा विभिन्न हिस्सों में नाली निर्माण कार्य भी कराए जाएंगे, जिनका औपचारिक भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन की मंशानुरूप सभी वार्डों में इसी तरह के विकास कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं वार्डवासियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भवनों का लोकार्पण किया। इस दौरान राजकुमार डुलानी, अरुण डुलानी, प्रकाश वाधवानी, गंभीर जैन, आलोक बिंदल, हिमांशु सोनी, श्रीमती श्यामाबाई नायक, उप अभियंता तिलक राज ध्रुव सहित निगम अमला व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

अनमोल 'दावा'

"जो आज हो रहा है वह कल अतीत बन जाएगा, इसलिए चिंता से ज्यादा कर्म पर ध्यान दीजिए।

मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा कुछ राज्यों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के बाद मतदाता सूचियों में लगभग 74 लाख नाम जोड़े गये। ये वो राज्य हैं जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से गुजरे थे, अधिकांशत : पहले और दूसरे चरण के दौरान। यानी, उन 13 राज्यों में मतदाताओं की संख्या, जो एसआईआर के बाद 49.61 करोड़ से घटकर 45.22 करोड़ रह गयी थी, अब बढ़कर 45.96 करोड़ हो गयी है। आयोग ने एसएसआर को तीसरे चरण वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक बढ़ा दिया है। पहले की तरह इसमें नागरिकता के प्रमाण या पुरानी सूचियों से मैपिंग की कोई आवश्यकता नहीं है, और मृतकों के अलावा किसी का नाम हटाने से पहले उसे व्यक्तिगत रूप से सूचित करने पर जोर है। यह निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को यह निर्देश भी देता है कि अगर किसी मतदान केंद्र पर हटाये गये मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं के दो फीसदी से ज्यादा हो जाती है, तो वे विलोपनों को व्यक्तिगत रूप से जांचें। एसआईआर के तीसरे चरण में मसौदा विलोपनों का औसत 17 फीसदी रहा, और दिल्ली में यह 32.8 फीसदी पर पहुंच गया। आयोग ने दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे सात राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में, जहां एसआईआर अब भी चल रहा है, उन मतदाताओं को सूचियों में वापस आने का एक और मौका दिया है जिनके नाम एसआईआर में हटा दिये गये थे। जिन मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा नहीं किये थे, वे अब ऐसा कर सकते हैं, बस उन्हें देरी का कारण बताना होगा। और, जो मतदाता राज्य के भीतर दूसरी जगह चले गये थे, वे अपने नये पते के प्रमाण के साथ गणना फॉर्म के जरिए सूचियों में वापस आ सकते हैं। निर्वाचक पंजीकरण नियमावली, 1960 के नियम 21(1) के तहत ईआरओ इन फॉर्मों को प्रॉसेस करेंगे और मतदाता का पुराना ईपीआईसी नंबर बहाल करेंगे।

ये सुधारात्मक कदम सुप्रीम कोर्ट की 28 अक्टूबर की इस टिप्पणी के बाद उठाये गये हैं कि हटाये गये मतदाताओं को नाम दोबारा जुड़वाने के वास्ते 'फॉर्म 6' (जो केवल नये मतदाताओं के लिए है) भरने के लिए बाध्य करना एक 'त्रुटि' है। आयोग द्वारा पंजीकरण नियमों में मौजूद उपचारों का इस्तेमाल करना, इस बात की परोक्ष स्वीकृति है कि एसआईआर के दौरान उससे गलती हुई थी। लेकिन किये गये उपाय सीमित हैं। ये मसौदा सूचियों से हटाये गये 13.37 करोड़ लोगों में से मोटा-मोटी 4.5 करोड़ लोगों तक ही पहुंच पाये हैं और उन मतदाताओं को कवर नहीं कर पाये हैं जो अपने राज्यों से बाहर चले गये हैं। जिन राज्यों में एसआईआर संपन्न हो चुका है - जिसमें बिहार और पश्चिम बंगाल भी शामिल हैं जहां एसआईआर वाली सूचियों पर मतदान भी हो चुका है - वहां के मतदाता अब केवल एसएसआर के जरिए वापस आ सकते हैं। इसके लिए उन्हें नये मतदाताओं के रूप में फॉर्म 6 भरना होगा। उन्हें नया ईपीआईसी नंबर मिलेगा और ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं रहेगा कि वे पहले कभी मतदाता सूची में थे। सार रूप में, एसआईआर का ढांचा जस का तस है। मतदाताओं को अब भी 'पिछले एसआईआर' से ब्योरा मुहैया कराना होगा, और जिनके ब्योरे उपलब्ध नहीं हैं या मेल नहीं खाते, उनसे ऐसे दस्तावेज मांगे जायेंगे जो एक तरह से नागरिकता परीक्षण जैसा होगा। बेतुकी 'तार्किक विसंगति' वाली जांचों की वैधता के मुद्दे का अब भी निपटारा नहीं हुआ है। साल 2002-03 के विशेष पुनरीक्षण ने एक बेहतर तरीका पेश किया था। जिन लोगों ने घर बदला था, उनकी गिनती दरवाजे-दरवाजे जाकर उनके नये पतों पर की गयी थी। सुप्रीम कोर्ट को आयोग को उसी मॉडल पर लौटने का निर्देश देना चाहिए।

यूपी में सपा व कांग्रेस में फंसा पेंच

वीपी राहुल



उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के भीतर सीटों के बंटवारे को लेकर खींचतान सामने आने लगी है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने चुनाव साथ लड़ने की इच्छा तो जताई है, लेकिन सीटों के आवंटन का फॉर्मूला दोनों दलों के बीच मतभेद की वजह बनता दिखाई दे रहा है। समाजवादी पार्टी का रुख है कि जिन विधानसभा सीटों पर उसने 2022 के चुनाव में जीत दर्ज की थी या दूसरे स्थान पर रही थी, उन्हें सीट बंटवारे की बातचीत के दायरे से बाहर रखा जाए। इस आधार पर सपा 403 में से 334 सीटों पर अपनी मजबूत मौजूदगी का दावा कर रही है। यदि पार्टी अपने इस रुख पर कायम रहती है, तो अन्य सहयोगियों के साथ बातचीत के लिए केवल 69 सीटें बचेंगी। इससे कांग्रेस की अधिक सीटें हासिल करने की मांग के सामने चुनौती खड़ी हो सकती है।

दोनों दलों के बीच अभी सीटों को लेकर अंतिम समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, संभावित बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों की प्राथमिकताएं और दावे सामने आने लगे हैं। सपा का जोर उम्मीदवार की जीतने की क्षमता और अपने मौजूदा चुनावी आधार को सुरक्षित रखने पर है। दूसरी ओर, कांग्रेस गठबंधन में अपनी राजनीतिक हैसियत के अनुरूप सम्मानजनक हिस्सेदारी चाहती है। पार्टी का तर्क है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उसके प्रदर्शन और राहुल गांधी के नेतृत्व का असर उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन के परिणामों पर दिखाई दिया था। सपा की 334 सीटों वाली दावेदारी का आधार 2022 के विधानसभा चुनाव के नतीजे हैं। उस चुनाव में पार्टी ने 111 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि 223 सीटों पर उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे। इन दोनों आंकड़ों को जोड़ने पर 334 विधानसभा क्षेत्र ऐसे बनते हैं, जहां सपा का उम्मीदवार या तो जीता था या मुख्य मुकाबले में दूसरे स्थान पर रहा था। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इन सीटों पर उसका संगठनात्मक आधार और चुनावी स्थिति मजबूत रही है, इसलिए इन्हें सहयोगियों के साथ बांटने के बजाय अपने पास रखा जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। सपा के इस गणित के मुताबिक, 334 सीटें उसके खाते में रहने पर बाकी दलों के लिए 69 सीटों का दायरा बचेगा। हालांकि, यह अभी सीट बंटवारे का अंतिम फॉर्मूला नहीं है, बल्कि सपा के बताए गए चुनावी आधार पर निकला संभावित गणित है। अंतिम समझौता दोनों दलों के बीच बातचीत और उम्मीदवारों की स्थिति के आकलन के बाद ही तय होगा। कांग्रेस की मांग इससे काफी बड़ी बताई जा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि कांग्रेस ने 181 सीटों की मांग की है। कांग्रेस ने इस आंकड़े की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने पहले 150 से 200 सीटों के बीच अपनी राजनीतिक दावेदारी की बात कही थी। कांग्रेस का कहना है कि सीटों का चयन केवल पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर नहीं होना चाहिए, बल्कि संगठन की मौजूदा स्थिति, क्षेत्रीय प्रभाव और उम्मीदवारों की संभावनाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

कांग्रेस की ओर से सीट बंटवारे की बातचीत के लिए एक समिति बनाए जाने की संभावना है। इसमें पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद जैसे नेताओं के शामिल होने की चर्चा है। प्रियंका गांधी वाड्रा इस पूरी बातचीत की निगरानी कर सकती हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी की ओर से राजीव राय और धर्मेंद्र यादव सहित वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी जा सकती है। दोनों दलों की समितियों के बीच 23 और 24 नवंबर को बातचीत प्रस्तावित बताई गई है। सीटों को लेकर मतभेद केवल कुल संख्या तक सीमित नहीं हैं। कांग्रेस अमेठी और रायबरेली जैसे अपने पारंपरिक राजनीतिक क्षेत्रों में विधानसभा सीटों पर भी दावा करना चाहती है। इन संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली कई विधानसभा सीटों पर फिलहाल समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। ऐसे में कांग्रेस की मांग और सपा के मौजूदा विधायकों की सीटों को लेकर बातचीत मुश्किल हो सकती है। कांग्रेस के लिए इन क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक मौजूदगी मजबूत करना महत्वपूर्ण है, जबकि सपा अपने मौजूदा विधायकों की सीटें छोड़ने के पक्ष में नहीं दिख रही है। सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर एक सार्वजनिक बयान दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 50 से अधिक सीटें नहीं मिलनी चाहिए और उसे इससे ज्यादा की मांग भी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिली छह सीटें सपा के समर्थन की वजह से हासिल हुई थीं। यह बयान दोनों दलों के बीच सीटों की संख्या को लेकर मौजूद मतभेद को सामने लाता है।

2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने छोटे सहयोगी दलों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। उस समय राष्ट्रीय लोकदल को 33 सीटें, ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को 17 सीटें और अन्य छोटे सहयोगियों को चार सीटें दी गई थीं। हालांकि, राजनीतिक परिस्थितियां अब बदल चुकी हैं। जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल और ओम प्रकाश राजभर की पार्टी अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए का हिस्सा हैं। ऐसे में 2027 के चुनाव में सपा के सहयोगियों और सीटों के बंटवारे का समीकरण 2022 से अलग हो सकता है। कांग्रेस अपनी अधिक हिस्सेदारी के पक्ष में 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को भी आधार बना रही है। उस चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस तरह इंडिया गठबंधन ने कुल 43 सीटें हासिल की थीं, जबकि भाजपा को 33 सीटें मिली थीं। कांग्रेस का मानना है कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में उसकी राजनीतिक स्थिति और गठबंधन में भूमिका को नए सिरे से देखा जाना चाहिए। पार्टी नेताओं का तर्क है कि कांग्रेस का समर्थन गठबंधन को दलित और सवर्ण मतदाताओं के बीच अतिरिक्त पहुंच बनाने में मदद कर सकता है।

हालांकि, सपा के लिए 2022 के विधानसभा चुनाव का प्रदर्शन भी एक महत्वपूर्ण आधार है। उस चुनाव में कांग्रेस ने 399 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे केवल दो सीटों पर जीत मिली थी। दूसरी ओर, सपा ने 111 सीटें हासिल की थीं। सपा नेतृत्व सीटों के बंटवारे में इसी चुनावी प्रदर्शन और विधानसभा क्षेत्रों में अपनी मौजूदा स्थिति को महत्व देना चाहता है। पार्टी का मानना है कि गठबंधन में सीटों की संख्या तय करने से ज्यादा जरूरी यह देखना है कि किस क्षेत्र में किस दल का उम्मीदवार भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है। इस बीच, राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच बातचीत को भी सीट बंटवारे के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दोनों नेताओं की मुलाकात सोनिया गांधी की किताब के विमोचन के अवसर पर नई दिल्ली में हुई थी। इसके बाद दोनों दलों के बीच बातचीत के लिए समितियां बनाने पर सहमति की खबरें सामने आईं। राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक में सपा को महत्वपूर्ण सहयोगी बताया और सीटों के चयन में उम्मीदवार की जीतने की क्षमता को आधार बनाने की बात कही। इससे संकेत मिलता है कि कांग्रेस और सपा के बीच अंतिम समझौते में केवल सीटों की संख्या नहीं, बल्कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की चुनावी स्थिति भी अहम होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के बीच गठबंधन की संभावना बनी हुई है, लेकिन सीटों के बंटवारे का सवाल इस एकजुटता की पहली बड़ी परीक्षा बन सकता है।

(हिफी)

विचार सरिता

मन में बसे है राम: 465 वानरराज बाली ने मायावी दानव पर किया भीषण प्रहार

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



'' ओ भीरू वानरराज बाली! बाहर आओ। मुझसे द्वंद्व करो। आओ मुझे परास्त करो। अगर साहस है तो अपने शयन कक्ष से निकलकर रणभूमि में बाहर आओ।'' मायावी दानव ने अट्टहास किया।

वानरराज उस समय गहरी निद्रा में थे। उनकी पत्नी तारा ने कक्ष के गवाक्ष उठकर बंद किए, ताकि बाहर से आ रही इस अप्रिय ध्वनि से उनके पति की नींद बाधित न हो। उधर मायावी दानव की गर्जना जारी थी। द्वारपालों ने उसे रोकने का असफल प्रयत्न किया। किष्किंधा के अनेक सैनिकों का वध करता हुआ वह दानव राजप्रासाद की ओर बढ़ा।

इधर तारा ने वानरराज को बाहर जाने से रोकने का प्रयास किया, किंतु बाली ने कहा,

'' प्रिये! यह कैसी अज्ञानता है? क्या तुम सुन नहीं रही हो कि उस अट्टहास की ध्वनि तीव्र से तीव्रतर होती जा रही है। यह किष्किंधा के लिए भयावह संकट उत्पन्न करने का प्रयास है। इसे रोकने के लिए मुझे जाना बाहर जाना ही होगा।''

तारा निःशब्द हो गई और वानरराज अपनी गदा लेकर कुछ ही क्षणों में राजप्रासाद के मुख्य द्वार से बाहर निकल गए। बाली के अनुज सुग्रीव भी उनके पीछे-पीछे बाहर आ गए।

'' तो तुम बाहर आ ही गए भीरु वानर ! अच्छा किया, अन्यथा मैं तुम्हें तुम्हारे शयनकक्ष से

घसीटकर बाहर ले आता ।'' मायावी ने चुनौतीपूर्ण शब्दों में कहा।

'' मूर्ख मायावी ! तो अपनी मृत्यु को आमंत्रित करने वाले यह तुम हो। तुम्हारे भाई दुंदुभि की तरह तुम्हारी मृत्यु भी तुम्हें यहाँ खींच लाई है।'' बाली ने गर्जना की।

अपने हाथ के कंटीले वज्र को लहराते हुए मायावी ने कहा, '' अपने भाई की मृत्यु का ही तो प्रतिशोध लेने आया हूँ मूर्ख वानराज !''

'' तो तुमने भी अपने भाई की तरह यमलोक जाने का निश्चय किया है। स्वागत है तुम्हारा।बाली का काम ही है, तुम जैसे नीच राक्षसों को नर्क का पारपत्र जारी करना।÷ - ऐसा कहते हुए वानरराज ने अपनी विशाल गदा को मायावी की ओर तीव्र वेग से फेंका। मायावी के हाथ से वज्र छूटकर दूर जा गिरा। बाली को मिले वरदान के कारण द्वंद्व के समय मायावी की आधी शक्ति बाली में समा गई। बाली मायावी की ओर लपका। बाली की गदा के एक ही प्रकार से मायावी के पैर लड़खड़ा गए। वह पीछे मुड़कर भागने लगा।

''कहाँ भागता है दुष्ट'' कहते हुए बाली उसके पीछे दौड़ पड़ा। सुग्रीव ने उसका अनुसरण किया।

इधर श्रीराम, सीताजी और लक्ष्मण जी एक पहाड़ी में बनी हुई गुफाओं के निकट पहुँचे।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने इसके लिए हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की है। उनके द्वारा इस महागाथा के कई प्रसंगों में अनेक स्थानों पर स्वयं को मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया गया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया गया है।)

सू- दोकू क्र.56

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.55 का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
	2	6	3	1	9	7	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

सामयिक चर्चा

तुक्तक कथा
अन्तर्मन ने कहा -

देव उठनी एकादशी को
जब देव उठ गए,
तो लड़की के पिता भी उठ गए।
उन्होंने धूल धूसरित अपने बैग की
अच्छी तरह से सफाई की
फिर उसमें बिट्टी की
फोटो व कुंडली रख ली।
सोचने लगे -
पिछले तीन साल से वे
बराबर विचार लगाये जा रहे हैं
पर कही भी जायें।
हर जगह दहेज आ जाता है
और पिता निराश लौट आता है।
एक बार तो एक जगह
विवाह निश्चित हो गया।
लड़का भी बिट्टी की
सुन्दरता में खो गया
पर... गड़बड़ की जड़ ये 'पर'
लड़के के काम दहेज के लिए अड़ गये
तब बिट्टी के पिता के कदम
अपने आप स्टेशन की ओर बढ़ गए।
तो इस बार बैटा हाथ में लेकर
पिता ने सोचा अब जाए कहाँ?
तब अन्तर्मन ने कहा- ''वहाँ,
लड़के का पिता अनुभवी है.
और दहेज विरोधी है जहाँ।''



गिरीश बख्शी

(बैरवे छंद)

जेठोनी परब के गीत

कार्तिक महिना ग्यारस, आजे आय।
देव उठोनी एही, हा कहलाय।।
छोड़ नींद ला जागें, शालिग राम।
आते पावन होही, हमरो धाम।।
लीपव तुलसी बिरवा, गोबर डार।
सजही गन्ना मड़वा, एमा चार।।
करबो तुलसी हरि के, बने बिहाव।
लुगरा पीताम्बर तो, शुभ पहिराव।।
चढ़ही हल्दी चंदन, करबो नेंग।
पहुना आवत हावें, दुरिहा रेंग।।
किंजरे भाँवर हरि हा, देखव सात।
भरे मांग तुलसी के,? अबड़ सुहात।।
जेठोनी के रहिथें, सब उपवास।
मंगलकारी हर दिन, होही खास।।



पल्लवी झा (रूमा) रायपुर छत्तीसगढ़

राशिफल

मेष



आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। कई दिनों से रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। धैर्य से आज आपके सारे काम बनते नजर आयेंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। निवेश करने से पहले अपने बड़ों की राय जरूर लें। अध्यापकों के लिये दिन अच्छा रहेगा। आपके प्रमोशन होने के योग बने हुये हैं।

वृष राशि



आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी घर के काम में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य जल्द पूरा करने में सफलता मिलेगी। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेनें से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से पूरे होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगी। आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन



आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपको कोई महत्वपूर्ण समाचार मिल सकता है। आज कोर्ट कचहरी के मामलों में जीत हासिल हो सकती है। आज समाज में मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज कारोबार में सफलता और नौकरी में तरक्की हो सकती है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आज कार्यों में किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क



आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई कोई वस्तु आज अचानक मिल जाएगी। आज आपको इंवेस्ट में लाभ होगा। इस राशि वाले लोगों को अपने जीवनसाथी से आज गिफ्ट मिल सकता है, जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की बात भी अच्छे से समझने की कोशिश करें, इससे आपको लाभ मिलेगा। आज कोई दोस्त आपसे मदद के लिये कह सकता है।

सिंह



आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नये वाहन को खरीदने की सोच रहें है तो खरीद लें। व्यापार में आज आपको लाभ मिलने के आसार नजर आ रहें हैं। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन उत्तम नजर आ रहा है।

कन्या



आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यों की तरफ ज्यादा रहेगा। नयी प्रॉपर्टी खरीदने के लिए आज का दिन शुभ है। घर की साज- सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी करने के लिए जीवनसाथी के साथ मार्केट जायेंगे। आज सोच-समझकर ही दूसरों की मदद करें। आज आपका स्वास्थ्य पहले से काफी अच्छा रहेगा। आज आध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

तुला



आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी काम को पूरा करने का प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे और आपके आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक तौर पर यह समय आपके लिए फूंक-फूंक कर कदम रखने वाला होगा। आपके खर्चे बढ़ने संभव हैं। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको मदद मिल सकती है। रात को बाहर दोस्त के साथ डिनर करने जाएंगे।

वृश्चिक



आज का दिन लकी है। आज के दिन की शुरुआत अच्छे विचारों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज मेहनत और व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा। विरोधी पक्ष आज आप से दूरियां बनाकर रहेगा। इस राशि के लोगों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा।अलग-अलग स्त्रोतों से धन लाभ के अवसर बनेंगे।

धनु



आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिज़नेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। घर के किसी काम को पूरा करने के लिये भाई के साथ विचार-विमर्श करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक का सामान खरीदने के लिए आज का दिन शुभ हैं।

मकर



आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज व्यापार को बढ़ाने के लिये नए अवसर मिलेंगे। आज शैक्षणिक कार्यों में मन लगेगा। आज राजनीति में सफलता मिलेगी। पहले किये हुये निवेश का आज लाभ मिलेगा। इस राशि के लोगों को जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा, जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे।

कुंभ



आज का दिन आपके जीवन में नयी खुशियाँ लेकर आएगा। आपका रुझान आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की वजह से मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। घर में आज समय ज्यादा व्यतीत करेंगें। पैसों से जुड़ी समस्या आज खत्म हो जाएगी। व्यवसाय को बढ़ाने के लिये किसी अनुभवी की सलाह लेंगे।

मीन



आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल होने वाली है। आज करियर को लेकर लाभ मिलने वाला है। जरूरी कार्यों को पूरा करने में किसी मित्र से सहयोग मिलेगा। आज विरोधी आपको नुक्सान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए जितना हो सके आप उनसे दूरियां बनाकर रहें। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

किसानों को प्रति एकड़ मिलेगी 13,839 रुपए की आदान सहायता : सचिन बघेल



खैरागढ़ (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस बार सहायता राशि बेचे गए धान की मात्रा के बजाय पंजीकृत रकबे के आधार पर तय की गई है, जिससे कम धान बेचने वाले किसानों को भी निर्धारित प्रोत्साहन राशि का पूरा लाभ मिल सकेगा।

यह जानकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए श्री बघेल ने इसे किसानों की आर्थिक सुरक्षा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने वाला निर्णय बताया।

बैंक अध्यक्ष ने बताया कि राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी और कबीरधाम जिले के कार्यक्षेत्र में खरीफ 2026 के दौरान अब तक 2,72,846 किसानों को 1,676.29 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया जा चुका है। वर्ष 2026-27 में 3,84,777 पंजीकृत किसानों से 2,08,82,110 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य है, जिसका अनुमानित समर्थन मूल्य 5,097 करोड़ रुपए है। क्षेत्र में 136 नई समितियों के गठन के बाद अब कुल 358 समितियों के 382 उपार्जन केंद्रों से धान खरीदी हो रही है।

गन्ना प्रोत्साहन राशि की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने गन्ने का उपार्जन मूल्य 355 रुपए से बढ़ाकर 425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। केंद्र के एफआरपी और राज्य की दर के अंतर को प्रोत्साहन के रूप में दिया जा रहा है। शक्कर रिकवरी के आधार पर कवर्धा कारखाने से जुड़े किसानों को 488.67 रुपए, पंडरिया में 455.10 रुपए, बालोद में 432.62 रुपए और सूरजपुर में 425 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया जा रहा है।

श्री बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 273 केंद्रों से 3,72,039 क्विंटल दलहन-तिलहन खरीदकर किसानों को 219.08 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया (जिसमें केवल चना का 207.59 करोड़ शामिल है)। इसके अतिरिक्त, धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपए और अन्य अधिसूचित फसलों के लिए 10 हजार रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता का प्रावधान है।

तीन वर्षों में 35,904.90 करोड़ का भुगतान

उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि खरीफ 2023 से 2025 तक प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत कुल 35,904.90 करोड़ रुपए (खरीफ 2023 में 13,289 करोड़, 2024 में 11,976 करोड़ और 2025 में 10,639 करोड़) का भुगतान किया जा चुका है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिसेसर दास साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू और टीके चंदेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चाकूबाजी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, डॉक्टरों की भूमिका भी जांच के घेरे में



सरकारी अस्पताल में बिना चाकू का टुकड़ा निकाले लगा दिए थे टांके, 18 नवंबर को एक्स-रे में हुआ खुलासा

डोंगरगढ़ (दावा)। सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान घायल युवक की कमर में चाकू का टुकड़ा छोड़कर टांके लगाने की खबर प्रकाशित होने के बाद डोंगरगढ़ पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने चाकूबाजी के इस मामले में एफआईआर दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। हालांकि, इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल अब भी सरकारी अस्पताल की उपचार प्रणाली पर बना हुआ है कि आखिर घायल युवक की कमर में चाकू का टुकड़ा फंसा होने के बावजूद उसे निकाले बिना टांके कैसे लगा दिए गए?

क्या है पूरा मामला?

घटना 11 नवंबर की सुबह करीब 3 बजे की बताई जा रही है। लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ था। जिसमें चाकूबाजी की घटना में 22 वर्षीय विवेक साहू और 24 वर्षीय टिल्लू मांडवी घायल हो गए थे। अस्पताल रिकॉर्ड के मुताबिक, सुबह करीब 3 बजे दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डोंगरगढ़ लाया गया था। विवेक गंभीर रूप से घायल था, जिसे टांके लगाने के बाद मरीज के कहने पर तत्काल रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से उसी दिन पुलिस को सूचना भी दी गई थी, लेकिन इलाज के दौरान हुई कथित लापरवाही का खुलासा कई दिनों बाद हुआ।

कमर में फंसा रह गया था 2 से 3 इंच लंबा टुकड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवेक की कमर में चाकू का करीब 2 से 3 इंच लंबा टुकड़ा अंदर ही फंसा रह गया था और वह इसी हालत में असहनीय दर्द से जूझता रहा। 18 नवंबर को जब उसने एक्स-रे कराया, तब शरीर के भीतर चाकू का टुकड़ा फंसे होने की चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। इसके बाद आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कर चाकू का टुकड़ा बाहर निकाला गया। 19 नवंबर को दोबारा ड्रेसिंग की गई और फिलहाल उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है।

परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस की कार्रवाई, डॉक्टरों की भूमिका की भी होगी जांच

एसडीओपी केसरी नंदन नायक के मुताबिक, घायल विवेक के पिता संजय साहू ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी विसर्जन कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों से बेटे का विवाद हुआ था और दो दिन पहले निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शरीर में चाकू का टुकड़ा फंसे होने का पता चला। इसके बाद बेटे से पूछताछ कर उन्होंने थाने में अपराध दर्ज कराया। एसडीओपी ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पूछताछ जारी है। स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है।

ड्यूटी डॉक्टर व ड्रेसर की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जानकारी के अनुसार, घटना के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में ड्यूटी पर डॉ. योगेश कन्नौजे तैनात थे, जबकि ड्रेसिंग का कार्य आशीष बंजारे ने किया था। जो पीएचसी चारभाठा में ड्रेसर के पद पर पदस्थ बताए जा रहे हैं। ऐसे में यह गंभीर सवाल उठ रहा है कि घाव की जांच और ड्रेसिंग के दौरान अंदर धंसा चाकू का टुकड़ा क्यों नहीं देखा गया और उपचार से पहले एक्स-रे या अन्य आवश्यक जांच क्यों नहीं कराई गई? अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग ड्यूटी डॉक्टर व संबंधित स्टाफ की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करता है या मामला महज विभागीय फाइलों में सिमटकर रह जाता है।

सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, भाजपा ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



ठेकेदार कंपनी पर मनमानी और बिना अनुमति निर्माण कार्य बंद करने का आरोप, स्वतंत्र तकनीकी समिति से जांच की मांग

अंबागढ़ चौकी (दावा)। राजनांदगांव-डोंगरगांव-चौकी-मोहला-मानपुर मार्ग के निर्माण कार्य में कथित अनियमितता और ठेकेदार कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर भाजपा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शनिवार को जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार नेहा विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर ठेकेदार कंपनी मेसर्स कन्हैयालाल अग्रवाल के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का कार्य ठेकेदार कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से कराया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों में गहरा असंतोष है। विशेष रूप से कुमर्दा एवं घुपसाल के बीच सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा ने पूरे मार्ग की स्वतंत्र तकनीकी समिति से जांच कराने की मांग की है।

आरोपों को बताया निराधार, आवाज दबाने का लगाया आरोप

ज्ञापन में ठेकेदार कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार साहू द्वारा 20 नवंबर को पुलिस प्रशासन के समक्ष भारत वर्मा के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट, ब्लैकमेलिंग तथा कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर नवीन अग्रवाल से 50 लाख रुपए की वसूली मांगने जैसे आरोप लगाए जाने का भी उल्लेख किया गया है। भाजपा ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जाने के बाद इस तरह के झूठे आरोप लगाकर जनप्रतिनिधियों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

बिना अनुमति काम बंद करने से हजारों राहगीर परेशान

भाजपा नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि ठेकेदार कंपनी ने असुरक्षा का हवाला देकर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के राजनांदगांव-मानपुर मार्ग का निर्माण कार्य बंद कर दिया है, जिससे क्षेत्र के हजारों राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे अनुबंध की शर्तों का सीधा उल्लंघन बताते हुए पदाधिकारियों ने मांग की कि पूरे कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा मानक गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य तत्काल पुनः प्रारंभ कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, राजू टांडिया, अरुण यादव, आशीष द्विवेदी, राजू जैन गुजराती, अंबर जोशी, अवधेश त्रिपाठी, सैयद अजहरुद्दीन, किशोर अटभैया, संदीप मेश्राम, धरमजीत सिन्हा एवं देवनारायण कुंभकार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया अन्नप्राशन, सुपोषण चौपाल लगाकर दी गई पोषण की जानकारी



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर के वार्ड नंबर 24 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषित चौपाल का आयोजन कर माताओं एवं बच्चों को संतुलित पोषक तत्वों के महत्व और बच्चों को सुपोषित रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद बबीता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निशा चौरसिया, देवी सोनकर तथा मितानिन बबीता निषाद उपस्थित रहीं। इसके साथ ही युवराज साहू, दिविषा यादव, जिशैन बेडगे, बबीता बेडगे, सरिता वर्मा, रानू साहू, भावना यादव, विशाखा वर्मा एवं हेमलता सहित वार्ड की बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं।

9.46 लाख की लागत से ग्राम पत्थरी में नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण



० जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा—शिक्षा की मजबूत नींव से ही बनेगा विकसित गांव और विकसित छत्तीसगढ़
० ग्रामीण बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

छुरिया (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ग्राम पंचायत पांगरी के आश्रित ग्राम पत्थरी में 9 लाख 46 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव शामिल हुईं, वहीं अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने की। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर नवीन शाला भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है। ग्रामीण अंचलों के बच्चों को भी शहरों के समान बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए। नवीन प्राथमिक शाला भवन के निर्माण से ग्राम पत्थरी के बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उनके शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक : गोपाल भुआर्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होना बेहद आवश्यक है। नवीन शाला भवन से विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिलेगा। जो ग्राम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इस सौगात के लिए सभी संबंधितों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच सामचंद, उपसरपंच डोमन साहू, युवा मोर्चा पूर्व महामंत्री भूखन धनकर, तोमेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, भुनेश्वरी मंडावी, कमलेश देवांगन, अशोक देवांगन, गुहाराम देवांगन, तुलसी देवांगन, भारत नेताम, दिलीप नेताम, राजकुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, शिक्षकगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

आज आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में दो दिवसीय आदिवासी परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह



० लगभग 52 गांवों से जुटेंगे समाजजन, पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ होगा भव्य शुभारंभ
० बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का किया जाएगा सम्मान

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। डोंगरगढ़-मोतीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित समीपस्थ आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में रविवार, 22 नवंबर से दो दिवसीय विशाल आदिवासी युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ होने जा रहा है। आदिवासी भवन के सामने स्थित स्कूल मैदान में 22 एवं 23 नवंबर को आयोजित इस सम्मेलन के दौरान हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ होगा। इस महासम्मेलन में क्षेत्र के लगभग 52 गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे। जिनके भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था समाज द्वारा की गई है। गांव में पहली बार आयोजित हो रहे इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय आदिवासी समाज और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे।

युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटे सामाजिक कार्यकर्ता

आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव के वरिष्ठ नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसमें प्रमुख रूप से गिरधारी कंवर, इतवारी कंवर, रजलाल कंवर, नेतराम कंवर, एवेंद्र चंद्रवंशी, फूलचंद कंवर, डूमर कंवर, रघुनंदन कंवर, द्वारका रेवाराम कंवर, रामरतन कंवर, फूल सिंह कंवर, परस कंवर, दयाराम कंवर, महावीर कंवर और आनंद कंवर सहित समाज के अन्य सदस्य सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयुर्वेद ग्राम बेलगांव की 13 छात्राओं का चयन



रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा में 21 व 22 नवंबर को आयोजित हो रही है प्रतियोगिता

डोंगरगढ़ (दावा)। खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव, डोंगरगढ़ की कुल 13 छात्राओं का चयन हुआ है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 21 एवं 22 नवंबर को रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित की जा रही है। शाला के व्यायाम शिक्षक तरुण कुमार वरकड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित छात्राओं में कक्षा 12वीं की कोमिन पटेल, तमीन यादव, करीना सोने, तारणी वर्मा, प्रियंका विश्वकर्मा, संध्या चंद्रवंशी, कावेरी कंवर, मुस्कान वर्मा, ओजेश्वरी ठाकुर व वेद कुमारी वर्मा तथा कक्षा 11वीं की दूरपति साहू, तृप्ति सिन्हा एवं खुशी वर्मा शामिल हैं।

जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को मंच देना है मुख्य उद्देश्य

उल्लेखनीय है कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिला रग्बी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। शहर, राज्य, क्षेत्रीय (जोनल) और राष्ट्रीय स्तर के चरणों में अंडर-15 व अंडर-18 जैसे विभिन्न आयु वर्गों में होने वाले इन मुकाबलों का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर से महिला प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। छात्राओं की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच कौशल चंद्रवंशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष धरमचंद वर्मा, उपाध्यक्ष बृजभान लहरें, उपसरपंच योगेश साहू, समस्त पंचगण, पूर्व सरपंच छबील साहू, नीरज शर्मा, प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा मारघाडे, कक्षा शिक्षकों सहित समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

जिला भाजपा कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह आयोजित, प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



० कृषक उन्नति योजना के तहत सभी पंजीकृत किसानों को मिलेगी आदान सहायता राशि
० आगामी चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा कार्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) में भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केसीजी जिले में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के तहत कम धान बेचने वाले या धान न बेच पाने वाले पंजीकृत किसानों के खातों में भी आदान सहायता राशि डालने का निर्णय लिया है। जिससे सरकार द्वारा एकमुश्त राशि देने की घोषणा पूरी हो रही है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, लखपति दीदी, आयुष्मान भारत और निःशुल्क राशन जैसी योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रामलला दर्शन योजना सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

खैरागढ़ के विकास और आगामी चुनावों पर दिया जोर

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के कारण विकास कार्यों में कुछ अड़चनें आ रही हैं, जबकि उनके स्वयं के विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1100 करोड़ रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करने के लिए आगामी चुनावों में खैरागढ़ से भाजपा का विधायक चुनना बेहद जरूरी है।

26 नई सोसायटियों का गठन और योजनाओं के प्रचार का संदेश

स्वागत उद्बोधन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दीपावली मिलन को आपसी सौहार्द और उत्साह का पर्व बताया। उन्होंने कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के हित में लिए गए निर्णयों की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में केसीजी जिले में विकास को गति देने के लिए 26 नई सोसायटियों का गठन किया गया है।

डबल इंजन सरकार और नगर पालिका चुनाव का आह्वान

सांसद संतोष पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार में केसीजी जिले के विकास के लिए प्राथमिकता से काम हो रहा है। उन्होंने आगामी नगर पालिका परिषद चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को जिताने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि सरकार ने वनांचल क्षेत्रों में अमन-चैन स्थापित करने का काम किया है, महतारी वंदन योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंच रहा है और किसान सम्मान निधि से अन्नदाताओं का सम्मान हो रहा है।

कार्यक्रम का संचालन घम्मन साहू ने किया। इस अवसर पर जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने, विधानसभा प्रभारी व छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल तथा जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, कोमल जंघेल, किरण साहू, शशांक ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, टीके चंदेल, खम्हन ताम्रकार, गिरजा चंद्राकर, पुष्पा वर्मा, आयश सिंह, दिनेश वर्मा, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, नीलिमा गोस्वामी, गोरेलाल वर्मा, भुवन वर्मा, मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पहला कॉलम...

सोने में मिलावट का हाई-टेक खेल, सीटीआई ने की सख्त कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली । चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने शनिवार को सोने में मिलावट के लिए अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों पर चिंता जताई। संगठन ने चेतावनी दी है कि इससे ग्राहकों का भरोसा डगमगा सकता है और शादी के इस सीजन में आभूषण व्यापारियों के बीच घबराहट पैदा हो सकती है।



व्यापारियों और उद्यमियों के शीर्ष संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया रिपोर्ट्स के बाद अचानक ज्वैलरी इंडस्ट्री में हड़कंप मच गया है। उन्होंने कहा कि शादियों के इस पीक सीजन में ज्वैलरी कारोबारियों को डर सता रहा है कि कहीं सोने और गहनों की सेल में गिरावट न आ जाए। बृजेश गोयल ने कहा कि सीटीआई से सैकड़ों व्यापारियों ने अपनी चिंता जताई है।

बृजेश गोयल ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सोने का वजन बढ़ाने के लिए उसमें चीन से आ रहे रेनियम पाउडर के अलावा रूथेनियम, इरिडियम और ऑस्मियम जैसी भारी धातुओं को मिलाया जा रहा है। इन धातुओं का घनत्व सोने के बराबर या उससे अधिक होता है, इसलिए पुरानी जांच मशीनें इस मिलावट को पकड़ नहीं पा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रयोग में सामने आया है कि 22 कैरेट बताकर बेचे जा रहे गहने में असली सोने की मात्रा मात्र 81.73 प्रतिशत यानी करीब 20 कैरेट के बराबर थी, जबकि 22 कैरेट में कम से कम 91.6 प्रतिशत शुद्ध सोना होना चाहिए। इसके बावजूद वह गहना हॉलमार्किंग जांच में पास हो गया, यह बेहद गंभीर बात है।

गिल-पंत ने एकसाथ रचा इतिहास, WTC में पूरे किए 3000 रन, पंत बने पहले कीपर

नई दिल्ली। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने एकसाथ बड़ा कीर्तिमान स्थापित कर दिया है. न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान पंत और गिल, दोनों ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 3000 रन पूरे कर लिए हैं. उनसे पहले किसी भारतीय बल्लेबाज ने WTC में यह मुकाम हासिल नहीं किया है.

दरअसल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 3000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय शुभमन गिल बने थे, जिन्होंने पहली पारी में 98 रन बनाए. उनके कुछ देर बाद ही ऋषभ पंत ने भी यह मुकाम हासिल कर लिया. पंत तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 55 रन बनाकर नाबाद हैं. वेलिंगटन टेस्ट से पूर्व शुभमन गिल ने WTC में 76 टेस्ट पारियों में 2917 रन बना लिए थे. उन्हें तीन हजार रनों का आंकड़ा छूने के लिए 83 रनों की जरूरत थी. 98 रनों की पारी के बाद गिल के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 3015 रन हो गए हैं. गिल शतक पूरा नहीं कर पाए और दिन के आखिरी ओवर में विकेट गंवाने के बाद उनके चेहरे से निराशा साफ झलक रही थी.

ऋषभ पंत ने भी तीन हजार रन पूरे कर लिए हैं, लेकिन उनकी यह उपलब्धि बहुत खास है. पंत WTC के इतिहास में यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. पंत को तीन हजार रनों का आंकड़ा छूने के लिए 52 रनों की जरूरत थी. वह पहली पारी में 55 रन बना चुके हैं, जिससे WTC के इतिहास में उनके कुल रन 3003 हो गए हैं.

पेरू में डोली धरती, 6.8 तीव्रता का भूकंप, कितना हुआ नुकसान

नई दिल्ली। साउथ अमेरिकी देश पेरू के कारहुआमायो से 9 किमी उत्तर-पूर्व में भीषण भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. स्थानीय समयानुसार भूकंप शुक्रवार शाम को आया और इसके झटके राजधानी लीमा तक महसूस किए गए. रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई है.

राजधानी लीमा में लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए. पेरू के जियोफिजिक्स इंस्टीट्यूट के अनुसार यह भूकंप एंडियन क्षेत्र के जुनिन में जमीन से 129 किलोमीटर की गहराई पर आया. जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (त्रस्र्ं) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.8 मैग्नीट्यूड थी. अधिकारियों ने अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं दी है.

सुनामी को लेकर भी कोई खतरा नहीं बताया गया है. लीमा में सांसदों को कांग्रेस से बाहर निकलते देखा गया. अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस्) ने भूकंप की तीव्रता 6.7 बताई है. अमेरिका के राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने पुष्टि की है कि कैलिफोर्निया, ओरेगन, वॉशिंगटन, ब्रिटिश कोलंबिया या अलास्का में सुनामी का कोई खतरा नहीं है. अधिकारियों के मुताबिक पुकाल्पा में कुछ सेकंड तक चलने वाले इस तरह के झटके महसूस होना कोई बहुत असामान्य बात नहीं है.

हांगकांग ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिली सेमीफाइनल में हार, टूटा फाइनल खेलने का सपना

कोव्लून। हांगकांग ओपन 2026 में भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सफर सेमीफाइनल में खत्म हो गया। उन्हें मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी मान वेई चोंग और टी काई वुन के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने कई गलतियां कीं और 40 मिनट चले मुकाबले में 18-21, 19-21 से हार गई। दिलचस्प बात यह है कि इस मुकाबले से पहले मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ उनका हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 4-1 से उनके पक्ष में था। पहला गेम दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। कुछ शानदार रैलियों के बाद मलेशियाई जोड़ी 17-12 से आगे हो गई। सात्विक और चिराग ने वापसी की कोशिश की और सात्विक के कुछ बेहतरीन डिफेंसिव शॉट्स की मदद से स्कोर 17-17 से बराबर कर लिया। हालांकि, अंतिम क्षणों में मान और टी ने संयम बनाए रखा और पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम की शुरुआत अच्छी की और 7-3 की बढ़त बना ली, जिससे मैच को निर्णायक गेम (टाईब्रेक) तक ले जाने की उम्मीद जगी। मगर नेट पर भारत की कुछ गलतियों की वजह से मलेशियाई जोड़ी ने वापसी की



और स्कोर बराबर कर दिया। स्कोर बराबर होने के बाद मान और टी ने मौके का फायदा उठाया और दूसरा गेम 21-19 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली।

इससे पहले, क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने 21-12, 13-21, 21-16 से जीत दर्ज की थी। उस मैच में वे दूसरा गेम हार गए थे, लेकिन तीसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए जीत हासिल की और सेमीफाइनल में पहुंचे थे। क्वार्टर फाइनल मैच में सात्विक और चिराग ने शानदार शुरुआत की थी। भारतीय जोड़ी ने पहले 6-3, फिर 9-6 की बढ़त बनाई और पहले इंटरवल तक 11-7 से आगे रहे। इस जोड़ी ने दूसरे गेम की शानदार शुरुआत की और 15-10 की बढ़त बना ली, जिसके बाद उन्होंने सिर्फ 13 मिनट में 21-12 से गेम जीत लिया। दूसरा गेम काफी कड़ा मुकाबला रहा। 4-4 पर स्कोर बराबर था, फिर भारतीयों को 9-9 के स्कोर पर थोड़ी बढ़त मिली। हू और लिन ने 13-11 से बढ़त बनाई और इसे 15-11 तक पहुंचाया, और अंततः 21-13 से गेम अपने नाम कर लिया। तीसरे गेम में भारतीयों ने वापसी की और ब्रेक के समय 11-7 की बढ़त बना ली। उन्होंने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और 15-9 तथा 17-10 से आगे निकल गए। हालांकि, अंत में चीनी जोड़ी ने बढ़त को कम करने की पूरी कोशिश की, लेकिन सात्विक और चिराग ने संयम बनाए रखा और 21-16 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी।

मोहम्मद रिजवान, शान मसूद और सैम अयूब PCB सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हुए बाहर

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 21 नवंबर को नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट को जारी कर दिया है, जिसमें पिछली बार जहां पीसीबी ने 30 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया था तो वहीं इस बार अलग-अलग कैटेगिरी को मिलाकर कुल 38 खिलाड़ियों को साल 2026-27 के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह मिली है। इस बार पीसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर कुछ बड़े फैसले भी लिए हैं, जिसमें युवा खिलाड़ियों को जहां जगह मिली है तो वहीं मोहम्मद रिजवान और शान मसूद के अलावा सैम अयूब को शामिल नहीं किया गया है। पीसीबी ने साल 2026-27 के लिए जो प्लेयर्स सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट को जारी किया है।

केएल राहुल ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ जड़ा शतक, बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली । भारतीय सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल ने न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ खेले जा रहे टेस्ट मैच में शानदार शतक जड़कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अनुसार, केएल राहुल स्थह्व देशों (दक्षिण अफ़्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में टेस्ट शतक लगाने वाले भारत के इकलौते सलामी बल्लेबाज़ (ओपनर) बन गए हैं। राहुल की इस बेहतरीन शतकीय पारी की बदौलत भारतीय टीम ने न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ पहली पारी में मज़बूत स्थिति हासिल कर ली है।



पहली पारी में भारत का स्कोर 290 के पार; जायसवाल और पडिक्कल शतक से चूके

राहुल की शतकीय पारी से सधी शुरुआत- न्यूज़ीलैंड की पहली पारी के 368 रनों के जवाब में उतरी भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन करते हुए एक विकेट के नुक़सान पर 290 से अधिक रन बना लिए हैं। केएल राहुल ने संयम और तकनीक का बेहतरीन परिचय देते हुए अपना शतक पूरा किया और क्रीज़ पर डटे हुए हैं। जायसवाल और पडिक्कल की अर्धशतकीय पारियां- भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल ने भी उपयोगी पारियां खेलीं, हालांकि दोनों ही बल्लेबाज़ अपने शतक से चूक गए। इससे पहले कल के खेल में यशस्वी जायसवाल 85 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे, जबकि देवदत्त पडिक्कल 80 रन की शानदार पारी खेलकर आउट हुए।

हेनरी निकोल्स और ग्लेन फ़िलिप्स के शतकों से न्यूज़ीलैंड ने बनाए थे 368 रन

कीवी बल्लेबाज़ों का संघर्ष- इससे पहले टॉस के बाद पहली पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए न्यूज़ीलैंड की टीम ने 368 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था।

वेलिंगटन टेस्ट : तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक भारत ने 4 विकेट पर 486 रन बनाए

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 486 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



भारत की बढ़त 118 रन की हो गई है। भारत ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 159 रन से की थी। केएल राहुल ने 52 और देवदत्त पडिक्कल ने 16 रन से अपनी पारी शुरू की। राहुल और पडिक्कल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और दूसरे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 295 रन तक पहुंचाया। पडिक्कल शतक से चूक गए और 80 रन के स्कोर पर काइल जैमिसन की गेंद पर बोल्ड हो गए। केएल राहुल ने शतक लगाया। राहुल के टेस्ट करियर का यह 13वां शतक था। वह दिन के तीसरे सेशन में 290 गेंदों पर 2 छक्के और 9 चौकों की मदद से 136 रन बनाकर आउट हुए। इस शतक के साथ ही राहुल सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय सलामी बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने आउट होने से पहले गिल के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। राहुल का विकेट गिरने के बाद कप्तान शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी हुई। गिल तेज और बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे थे। ऐसा लग रहा था कि राहुल के बाद उनका भी शतक आने वाला है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शतक से 2 रन दूर 98 के स्कोर पर गिल आउट हो गए। उन्हें जैकब डफी ने बोल्ड किया। गिल ने 146 गेंदों की अपनी पारी में 9 चौके और 2 छक्के लगाए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत का स्कोर 4 विकेट पर 486 रन है। ऋषभ पंत 62 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 55 रन बनाकर खेल रहे हैं।

केरल के पूर्व मंत्री और पूर्व फुटबॉलर के नाम वाली एसआईटी रिपोर्ट आज फाइल की जाएगी

कोच्चि। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना की नेशनल फुटबॉल टीम को केरल लाने के नाम पर हुए कथित फ्रॉड की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) सोमवार को कोच्चि की एक कोर्ट में अपनी रिपोर्ट जमा करेगी। इसमें पूर्व खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान को आरोपी बनाने की आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। मामले की जांच कर रही एसआईटी से अब अपनी जांच तेज करने की उम्मीद है, क्योंकि पूर्व मंत्री के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के प्रावधानों को लागू करने के लिए कानूनी अड़चनें दूर हो गई हैं। इससे जांच फास्ट ट्रैक पर जाने की उम्मीद है। अब्दुरहीमान पिछली पिनाराई विजयन सरकार के पहले ऐसे पूर्व मंत्री हैं, जिनका नाम उनके कार्यकाल से जुड़ी एक बड़ी जांच में आरोपी के तौर पर लिया गया है।

गृह विभाग का आधिकारिक आदेश कानूनी सलाह और गवर्नर ओम प्रकाश माथुर से पहले मिली केस चलाने की मंजूरी के बाद एसआईटी को सौंप दिया गया है।

इस मामले ने काफी ध्यान खींचा है, क्योंकि केरल के एक टेलीविजन न्यूज चैनल के टॉप एग्जीक्यूटिव एंटो ऑगस्टीन मुख्य आरोपियों में से एक हैं। कथित फ्रॉड में मेसी और वर्ल्ड कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम को राज्य में लाने के वादे पर स्पॉन्सरशिप कलेक्शन और वित्तीय ट्रांजेक्शन का मामला शामिल है।

सैंडपेपर विवाद के बीच उस्मान ख्वाजा और डेविड वॉर्नर को बड़ा झटका, कमेंट्री पैनल से किया गया बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में 2018 के बॉल टैंपरिंग विवाद की आग एक बार फिर भड़क गई है। केपटाउन टेस्ट में हुए सैंडपेपरगेट मामले को लेकर नए खुलासों के बाद अब इसका असर मैदान के बाहर भी दिखाई देने लगा है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा और डेविड वॉर्नर को फिलहाल कमेंट्री से दूर कर दिया गया है। दोनों इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की ञ्च20ढ्ढ सीरीज में कमेंट्री करने वाले थे, लेकिन मौजूदा विवाद के कारण उन्हें ब्रॉडकास्ट टीम से हटाने का फैसला लिया गया है।

दरअसल, ख्वाजा ने दो सप्ताह से ज्यादा पहले प्रकाशित अपनी



आत्मकथा में दावा किया था कि 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की योजना की जानकारी ऑस्ट्रेलियाई टीम के सभी खिलाड़ियों को थी। उनके इस खुलासे के बाद क्रिकेट जगत में एक बार फिर उस पुराने विवाद पर बहस शुरू हो गई। ख्वाजा के बचपन के दोस्त और उस समय टीम का हिस्सा रहे डेविड वॉर्नर ने भी उनके दावों का समर्थन किया है। इस मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की जांच में तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान डेविड वॉर्नर और गेंद पर सैंडपेपर का इस्तेमाल करने वाले कैमरन बैनक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि, ख्वाजा के नए दावे ने इस पूरे मामले को फिर से चर्चा में ला दिया है। इस विवाद की आंच मौजूदा टेस्ट कप्तान पैट कमिंस तक भी पहुंच गई है। ख्वाजा के दावों के बाद कमिंस पर सवाल उठने लगे थे, क्योंकि उन्होंने इस घटना की जानकारी होने से इनकार किया था। वॉर्नर और बैनक्रॉफ्ट के बयानों ने भी इस बहस को और हवा दी। अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज से पहले कमिंस के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थीं। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कमिंस से मुलाकात करने और उनकी स्थिति का जायजा लेने के बाद उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई। बोर्ड ने टेस्ट कप्तान को अपना पूरा समर्थन देने की बात कही।

बिहार को पीएम मोदी की 34,470 करोड़...

वहां मौजूद लोगों की भारी भीड़ का जिक्र करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जुटे लोगों को पूरी तरह कैमरे में कैद करना भी मुश्किल है। यह भीड़ विकास के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता और प्रतिबद्धता को दिखाती है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी-अभी छठ का महापर्व संपन्न हुआ है, जो लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक है। छठी मैया के आशीर्वाद से अब सभी लोग यहां विकास का उत्सव मनाने आए हैं। शिक्षा और बुजुर्गों के लिए चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचना भी आसान होगा। पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क मजबूत होगा। इससे व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

0 19.7 किलोमीटर लंबा है नीतीश सेतुः गंगा नदी पर बना नीतीश सेतु करीब 19.7 किलोमीटर लंबा है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 4,280 करोड़ रुपये है। इसमें 9.7 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल और करीब 10 किलोमीटर की संपर्क सड़कें शामिल हैं। यह पुल पटना जिले के कच्ची दरगाह को वैशाली जिले के बिदुपुर से जोड़ता है। छह लेन का यह एक्स्ट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज आधुनिक इंजीनियरिंग का उदाहरण है। इसके शुरू होने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सड़क संपर्क को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने बिहार दौरे के दौरान करीब 34,470 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इन परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा, शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन से जुड़े कार्य शामिल हैं।

0 12 साल में 50 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में गरीबी और गरीब कल्याण के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन उनकी सरकार ने 12 साल में 50 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। मोदी के मुताबिक, यह सरकार की इच्छाशक्ति और गरीबों के लिए चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है। पीएम मोदी ने कहा कि देश गरीबी के खिलाफ लड़ाई में आगे बढ़ रहा है। उनकी सरकार ने गरीबों का जीवन आसान बनाने और उन्हें जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी है। इसके तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। लाखों परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित आवास मिल सके। उन्होंने कहा कि मुफ्त इलाज की सुविधा देकर गरीब परिवारों को महंगे उपचार के खर्च से राहत देने का प्रयास किया गया है।

लखनऊ में आईटीआई छात्रों के....

वास्तविक काम जानने वाले लोगों की मांग बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया के कई देशों में भारतीय कारीगरों और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित लोगों की जरूरत है। उन्होंने सऊदी अरब, दुबई, अबू धाबी, कतर और कुवैत का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां के आधुनिक शहरों के निर्माण में भारतीय कारीगरों की मेहनत का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जिन्हें तकनीक की जानकारी हो और जो अपने हुनर से काम कर सकें। ITI से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के लिए भी विदेशों में रोजगार के अवसर हैं।

0 भारत की तरक्की में हुनरमंद युवाओं की बड़ी भूमिकाः पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को रोजगार के योग्य बनाना जरूरी है। देश में कौशल विकास, दोबारा कौशल सीखने और नई तकनीक के अनुसार अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ नई चीजें सीखना और पुराने कौशल को अपडेट करना भी जरूरी है। प्रधानमंत्री ने गरीबी से बाहर आए 50 करोड़ लोगों को आजादी के बाद देश की बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया और कहा कि विकसित भारत का रास्ता भी लोगों को सशक्त बनाने से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री का संदेश साफ है- युवाओं को सिर्फ डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें ऐसा हुनर सीखना चाहिए, जिसकी जरूरत देश और दुनिया में लगातार बनी रहे।

0 2027 में भारत करेगा वर्ल्डस्किल्स एशिया की मेजबानीः पीएम मोदी ने बताया कि भारत अगले साल यानी 2027 में वर्ल्डस्किल्स एशिया प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इसमें एशिया और दुनिया के अलग-अलग देशों से युवा हिस्सा लेने आएंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। राज्य में तेजी से बुनियादी ढांचे और उद्योगों का विकास हो रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

नीट पेपर लीक मामले में 14...

25 नवंबर से डे-टू-डे ट्रायल की शुरुआत करेगा। सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में 20,000 पन्नों का आरोप-पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में अपना पहला आरोप-पत्र जुलाई में दाखिल किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 12 अगस्त को सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया था। सीबीआई ने चार्जशीट में कहा है कि तीन विषय विशेषज्ञों ने दिल्ली के एनटीए कार्यालय से नीट परीक्षा के प्रश्नों को अलग-अलग तरीकों से बाहर निकाला था। आरोपी ऐसा इसलिए कर सके क्योंकि गोपनीय अनुभाग से बाहर निकलते समय उनकी तलाशी नहीं ली गई। सीबीआई ने चार्जशीट में कहा कि एनटीए में गोपनीय अनुभाग में प्रवेश और निकास के दौरान विशेषज्ञों की जांच या तलाशी की कोई प्रथा नहीं थी। एनटीए में डेडिकेटेड सीसीटीवी लाइव-फीड निगरानी नियंत्रण कक्ष नहीं था, जिसके परिणामस्वरूप गोपनीय हॉल में विशेषज्ञों की गतिविधियों पर किसी का ध्यान नहीं गया। सीबीआई ने आरोप-पत्र में कहा कि एक आरोपी ने प्रश्नों को कागज की पर्चियों पर लिखा और फिर उन्हें छिपा दिया, जबकि दो अन्य आरोपियों ने प्रश्नों को याद किया, अपने होटल के कमरों में लौटकर या तो उन्हें लिख दिया या पाठ्यपुस्तकों में संबंधित आर्टिकल्स को मार्क किया। सीबीआई ने आरोप-पत्र में कहा कि जांच से पता चला है कि विशेषज्ञों को अनुवाद, पुनः अनुवाद के दौरान रफ कार्य के लिए गोपनीय अनुभाग के अंदर सादे कागज की शीट उपलब्ध कराई गई थीं। आरोपी पीवी कुलकर्णी ने इन शीटों का उपयोग करके रसायन विज्ञान के सभी 135 प्रश्नों और उत्तर विकल्पों को संक्षेप में नोट किया।

भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय टीम घोषित....

राष्ट्रीय कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में तीन लोगों को शामिल किया गया है। इनमें प्रो. अद्वैत चरण गणनायक (ओडिशा), युजवेंद्र सिंह चहल (दिल्ली) और एडवोकेट (मती) सीमा समृद्धि कुशवाहा (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। इस प्रकार भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय टीम में विभिन्न राज्यों के नेताओं को अलग-अलग संगठनात्मक जिम्मेदारियां दी गई हैं। छत्तीसगढ़ से ललित चंद्राकर को राष्ट्रीय महामंत्री और खम्हन ताम्रकार को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने से प्रदेश को राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनिधित्व मिला है।

जीएसटी सहायक आयुक्त 1.50...

निवास पर आय से अधिक संपत्ति के संदेह में तलाशी भी शुरू की। टीम संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों और अन्य अभिलेखों की जांच कर रही है। हालांकि, तलाशी में मिली जानकारी और संपत्ति के संबंध में अभी कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है। एसीबी ने सहायक आयुक्त अंचला गिरी और मध्यस्थ इमरान मेमन के खिलाफभ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 एवं 12 के तहत कार्रवाई शुरू की है। आय से अधिक संपत्ति के संदेह से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

मुंबई-हैदराबाद समेत 3 शहरों के....

ऑफिस के गलियारों और कैफेटेरिया में दिखाई दिए। पुलिस ने 20 से 21 प्रदर्शनकारियों को एहतियातन हिरासत में लिया था। करीब तीन घंटे बाद उन्हें छोड़ दिया गया। यूथ कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि 20 नवंबर को कार्यकर्ताओं के मेटा ऑफिस पहुंचने के 15 मिनट बाद उदय भानु चिब और मनीष शर्मा के दोनों इंस्टाग्राम अकाउंट बहाल कर दिए गए। यूथ कांग्रेस ने मेटा के सामने चार मांगें भी रखी हैं। संगठन ने पूछा कि पिछले छह महीनों में सरकार के आदेश पर कितने भारतीय अकाउंट बंद किए गए और अब भी कितने अकाउंट पर रोक लगी हुई है।

ट्रम्प बोले-भारत में ब्याज दरें कम, इसलिए...

ट्रम्प का बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका में महंगाई दर फेडरल रिजर्व के तय 2 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। सितंबर में महंगाई दर 3.6 प्रतिशत रही। वहीं, खाने-पीने की चीजों और ऊर्जा की कीमतों को हटाकर देखी जाने वाली कोर महंगाई दर 3.1 प्रतिशत दर्ज की गई। फेडरल रिजर्व महंगाई को काबू में रखने के लिए ब्याज दरों का इस्तेमाल करता है। ब्याज दरें बढ़ने से कर्ज महंगा हो जाता है। इससे लोग और कंपनियां खर्च कम करते हैं, जिससे महंगाई घटाने में मदद मिलती है।

0 ट्रम्प और फेडरल रिजर्व के बीच पुराना है विवादः ट्रम्प और फेडरल रिजर्व के बीच ब्याज दरों को लेकर कई साल से खींचतान चल रही है। ट्रम्प चाहते हैं कि बैंक से कर्ज लेना सस्ता हो, ताकि लोग ज्यादा खरीदारी करें और कंपनियां अपना कारोबार बढ़ाएं। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। लेकिन फेडरल रिजर्व का मानना है कि ब्याज दरें कम करने से लोग ज्यादा पैसा खर्च करेंगे। इससे बाजार में चीजों की मांग बढ़ेगी और महंगाई भी बढ़ सकती है। इसलिए फेड महंगाई को काबू में रखने के लिए ब्याज दरें कम करने से बचता है।

0 पूर्व चेयरमैन पॉवेल से भी भिड़ चुके हैं ट्रम्पः फेडरल रिजर्व के पूर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल के साथ ट्रम्प का कई बार टकराव हुआ। ट्रम्प ने उन्हें सार्वजनिक रूप से अयोग्य बताया और पद से हटाने की धमकी भी दी। जुलाई 2025 में दोनों के बीच फेड मुख्यालय की मरम्मत पर बढ़ते खर्च को लेकर बहस हुई थी। बाद में पॉवेल के खिलाफ जांच भी शुरू हुई। पॉवेल ने इसे ब्याज दरें घटाने के लिए बनाया गया दबाव बताया था। हालांकि, अप्रैल 2026 में सबूत नहीं मिलने पर जांच बंद कर दी गई।

0 नए चेयरमैन से भी नहीं मिली राहतः मई 2026 में पॉवेल का कार्यकाल खत्म होने के बाद ट्रम्प की पसंद माने जाने वाले केविन वॉर्श नए चेयरमैन बने। ट्रम्प को उम्मीद थी कि वे ब्याज दरें घटाएंगे, लेकिन सितंबर 2026 में फेड ने दरें 0.25 प्रतिशत बढ़ा दीं। इसकी वजह अमेरिका में बढ़ती महंगाई थी। इससे ट्रम्प की नाराजगी और बढ़ गई।

खाटू श्याम बाबा के पाटोत्सव पर भक्ति में सराबोर हुआ छुईखदान, भव्य भजन संध्या में देर रात तक झूमे श्याम प्रेमी

छुईखदान(दावा)। खाटू वाले श्री श्याम बाबा के पावन पाटोत्सव के अवसर पर 19 नवंबर को छुईखदान श्री श्याम सेवा परिवार द्वारा लक्ष्मीनारायण मंदिर (रानी मंदिर) प्रांगण में 'एक शाम श्याम बाबा के नाम' भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। द्वितीय वर्ष में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। बाबा श्याम के जयकारों और भजनों से पूरा मंदिर परिसर देर रात तक भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान रहा। आयोजन को लेकर लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी एवं सुंदर पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं श्री श्याम बाबा का अलौकिक एवं मनमोहक दरबार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दरबार की भव्य सजावट और बाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका विद्या सिंह राठौड़ सहित ललित चोपड़ा, संभव लूनिया, रौनक शर्मा एवं विवेक जैन ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति पर श्याम प्रेमी देर रात तक झूमते-नाचते रहे। पूरा मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु श्याम भक्ति के रंग में सराबोर नजर आए।



रात्रि 12 बजे केक काटकर मनाया गया बाबा का पाटोत्सव

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रात्रि 12 बजे रहा, जब श्री श्याम बाबा के पाटोत्सव के अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। इसके पश्चात बाबा की भव्य आरती की गई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण प्रकट किया। यह क्षण सभी श्याम प्रेमियों के लिए विशेष आनंद और भावनाओं से भरा रहा।

गौ सेवा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं का सम्मान धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक सरोकारों को भी विशेष महत्व देते हुए श्री श्याम सेवा परिवार द्वारा गौ सेवा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थाओं एवं समाजसेवियों को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में श्री राम गौ सेवा समिति छुईखदान, प्रेरणा क्लब, मधुबन महिला गौ सेवा समिति, पशु प्रेमी दिनेश महोबिया, वृक्ष मित्र समिति एवं जय जगन्नाथ सेवा समिति शामिल रहे। आयोजन समिति ने सभी संस्थाओं एवं समाजसेवियों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। नवीन चंद्राकर ने कहा कि श्री श्याम सेवा परिवार के लिए यह आयोजन अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। इस वर्ष हमारा द्वितीय वर्ष है और लगातार दूसरे वर्ष बाबा श्याम का पाटोत्सव सभी श्याम प्रेमियों के सहयोग एवं श्रद्धा के साथ भव्य रूप से मनाया गया। हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि श्याम भक्ति के माध्यम से समाज को एकजुट करना और गौ सेवा एवं सामाजिक कार्यों में समर्पित संस्थाओं को सम्मानित कर उनके सेवा भाव को प्रोत्साहित करना भी है। सभी श्याम प्रेमियों, सहयोगियों एवं नगरवासियों के स्नेह और सहयोग से यह आयोजन सफल हो पाया है।

द्वितीय वर्ष में भी श्री श्याम सेवा परिवार का भव्य आयोजन बना आकर्षण का केंद्र, गौ सेवा एवं सामाजिक संस्थाओं का हुआ सम्मान

अंकित गुप्ता ने कहा कि श्री श्याम सेवा परिवार का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के माध्यम से नगर में भक्ति, सामाजिक एकता और सेवा भावना को मजबूत करना है। द्वितीय वर्ष में भी श्याम प्रेमियों का जो अपार उत्साह और सहयोग मिला, वह हमारे लिए प्रेरणादायक है। आयोजन को सफल बनाने में भजन गायकों, सहयोगियों, सदस्यों एवं समस्त नगरवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम का समापन बाबा श्याम की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही। श्री श्याम सेवा परिवार का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण बना।

भटगुना में 23 नवंबर को होगा मातर मड़ई का आयोजन, रात्रि में सजेगी नाचा की महफिल

खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत भटगुना में आगामी 23 नवंबर को ग्रामवासियों के तत्वावधान में पारंपरिक मातर मड़ई का भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला 'नाचा' कार्यक्रम भी रखा गया है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू करेंगी। वहीं विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य डोंगरगांव श्रीमती गैंदा बाई साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती दीपिका साहू एवं ग्राम पंचायत भटगुना की सरपंच श्रीमती उर्वशी ध्रुव उपस्थित रहेंगी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष चेतन दास साहू, उपाध्यक्ष भूषणलाल साहू, सचिव श्याम सुंदर साहू, कोषाध्यक्ष बीलेंद्र साहू एवं समस्त सदस्यों ने क्षेत्रवासियों व ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

नेहरू महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग की परिषद का गठन, महेश्वरी अध्यक्ष और अमन बने सचिव



शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी, अतिथियों ने नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का दिया मंत्र

नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल का होता है विकास : वेदप्रकाश साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के रसायन शास्त्र विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभागीय परिषद का गठन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांबुलकर के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष सोनाली लोया खानखोजे के निर्देशन में संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक वेदप्रकाश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा ने नवगठित परिषद के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष महेश्वरी दुबे, उपाध्यक्ष प्रिया पटेल, सचिव अमन सुरजल, सह-सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष आकांक्षा एवं उप-कोषाध्यक्ष रेणुका साहू को बनाया गया है।

मुख्य अतिथि वेदप्रकाश साहू ने अपने उद्बोधन में विभागीय परिषद की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे मंचों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामूहिक सहभागिता और संगठनात्मक कौशल का विकास होता है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष सोनाली लोया खानखोजे ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी (रसायन शास्त्र) तृतीय सेमेस्टर के छात्र ज्ञानेंद्र तिवारी ने किया तथा अंत में प्राध्यापक गौरव तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : प्रतिमा पप्पू चंद्राकर

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम सिंघोला में संकुल स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में संकुल के विभिन्न विद्यालयों से आए प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



सिंघोला में संकुल स्तरीय खेल महोत्सव का भव्य आयोजन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद सदस्य एवं सभापति खुशबू राकेश साहू, ग्राम सरपंच मुकेश साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्राकर तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक प्रेम चंद्राकर मंचस्थ रहे। इससे पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं संकुल समन्वयक द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

0 जीत-हार से बढ़कर है खेल भावना

मुख्य अतिथि प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ ही अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का निर्माण होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण अंचलों में इस तरह के आयोजन बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण भागीदारी, मेहनत और खेल भावना है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने तथा अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए संकुल समन्वयक एवं समस्त शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

सम्बलपुर सहकारी समिति में धान खरीदी का भव्य शुभारंभ

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के शुभारंभ के साथ ही किसानों में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में 15 नवंबर को सम्बलपुर सहकारी समिति में विधि-विधान एवं पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ किया गया।



मुख्य अतिथि मुकेश साहू ने धान तौलकर किया उद्घाटन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भाजयुमो जिला भिलाई के सहप्रभारी मुकेश साहू उपस्थित रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना के पश्चात स्वयं धान तौलकर खरीदी प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया तथा उपस्थित किसान भाइयों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुकेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के सम्मान, अधिकार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि अन्नदाता किसानों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल मिले और उनके जीवन में आर्थिक खुशहाली आए।

कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारी कपिल बघेल, भाजपा वरिष्ठ नेता द्वारिका साहू, सम्बलपुर सरपंच तोरणलाल चंद्रवंशी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रुपेश साहू, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्जुनपुरी गोस्वामी, राजूराम, वीरेंद्र साहू, गौतम चुरेंद्र, गोपी चुरेंद्र, संजय रावटे, चिनेश साहू, संजय साहू, शाखा प्रबंधक कुंवर सिंह, तुकाराम साहू सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, किसान भाई एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं किसानों ने धान खरीदी के सफल संचालन की कामना की।

अंत में सभी किसान भाइयों को सुखद, सफल एवं समृद्ध कृषि वर्ष की शुभकामनाएं दी गईं।

बछेराभाठा में भव्य संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड के संकुल परिवार बछेराभाठा के तत्वावधान में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम की सरपंच कविता धुर्वे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु साहू, समस्त पंचगण एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।



दिनभर चले विभिन्न खेलकूद मुकाबलों में संकुल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक शाला लेडीजोब एवं पूर्व माध्यमिक वर्ग में माध्यमिक शाला करवारी ने चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु साहू, दीपक साहू, हेमलाल साहू, पंचगण, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं युवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर, वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक राणा एवं तरुण वरकड़े का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

लेडीजोब और करवारी स्कूल बने चैंपियन आयोजन में इनका रहा सराहनीय योगदान

संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन अजय कुमार यादव ने किया। प्रतियोगिताओं को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में निर्णायक मंडल के सदस्य अंकालू राम धुर्वे, टेकराम सेवता, विश्वनाथ चंद्रवंशी, श्रवण कुमार कंडरा, शैल शर्मा, टेकेंद्र साहू, गोदावरी ठाकुर, बिंदु भगत, यमुना कोचे, थानेश्वरी पंचारी, धर्मेंद्र वर्मा एवं साकेत रजक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, संपूर्ण आयोजन का टेबल वर्क लक्ष्मण लाल पाल द्वारा कुशलतापूर्वक संभाला गया। कार्यक्रम के अंत में संकुल समन्वयक अमृत दास साहू ने उषा किरण शाह, गंगेश गर्ग सहित सभी अतिथियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों एवं सफाई कर्मचारियों के सराहनीय सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

खपरीकला में बाल मेले की धूम : बच्चों ने व्यंजन स्टॉल लगाकर सीखा व्यावहारिक गणित



शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला, खपरीकला के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 19 नवंबर को बाल मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, हुनर और व्यावसायिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

बच्चों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल मेले का मुख्य आकर्षण रहे। बाल मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों के स्टॉल सजाए थे। बच्चों ने न केवल अपने पाक कौशल से आगंतुकों का मन मोहा, बल्कि स्वयं ग्राहकों को व्यंजन परोसने, दाम बताने और हिसाब-किताब रखने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। किताबी ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने वाली इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने खेल-खेल में गणितीय गणना, रुपये-पैसों के लेन-देन, आर्थिक समझ और व्यवहार कुशलता का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए जुलाई, अगस्त एवं सितंबर माह में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नियमित रूप से विद्यालय आना सफलता की पहली सीढ़ी है। जो विद्यार्थियों के अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस तरह के सम्मान से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और अन्य विद्यार्थियों को भी नियमित स्कूल आने की प्रेरणा मिलती है।

सर्वांगीण विकास का मंच बना बाल मेला

विद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले ने पढ़ाई के पारंपरिक माहौल को उत्सव और गतिविधियों से भरपूर शिक्षण मंच में बदल दिया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन से जुड़े व्यावहारिक अनुभव बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कमला कॉलेज में सतही अलंकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (कमला कॉलेज) के गृह विज्ञान विभाग एवं मिनीमाता शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सीडीएम (कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 18 एवं 19 नवंबर को सतही अलंकरण (सरफेस ऑर्नामेंटेशन) विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



दोनों संस्थानों के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में छात्राओं को पेंटिंग, प्रिंटिंग, कढ़ाई और आधुनिक वस्त्र निर्माण मशीनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन 18 नवंबर को सहायक प्राध्यापक डॉ. रेणु त्रिपाठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. निवेदिता लाल ने एसईसी (कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम) की उपयोगिता बताते हुए छात्राओं को अपने हुनर को निखारकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष ममता आरदेव ने दोनों संस्थानों के बीच हुए एमओयू के उद्देश्यों और उससे मिलने वाले शैक्षणिक लाभों पर प्रकाश डाला।

प्रिंटिंग और एम्ब्रॉयडरी की तकनीकों का कराया अभ्यास

मुख्य वक्ता के रूप में मिनीमाता शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सीडीएम विभाग की अध्यक्ष डॉ. मृदुल रत्न चौरसिया ने पेंटिंग और प्रिंटिंग की बारीकियों पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात उन्होंने अपनी टीम के साथ छात्राओं को स्टेंसिल प्रिंटिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग, मार्बल पेंटिंग और एम्ब्रॉयडरी की तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन कर व्यावहारिक अभ्यास कराया। प्रथम दिवस के अंत में अतिथि व्याख्याता डॉ. अर्चना खरे ने आभार प्रदर्शन किया।

कार्यशाला के दूसरे दिन 19 नवंबर को छात्राओं को मिनीमाता शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें वस्त्र एवं अलंकरण से जुड़ी विभिन्न आधुनिक मशीनों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। विशेष व्याख्यान में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष ममता आरदेव ने कहा कि सतही अलंकरण किसी भी साधारण सतह को आकर्षक और उपयोगी उत्पाद में बदलने की कला है, जो छात्राओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। कार्यशाला में बीए एवं बीएससी गृह विज्ञान के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर सहित एसईसी की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

अकवान तूफान ने धान खरीदी पर अटकाया रोड़ा, बारिश से उपार्जन केंद्रों में कामकाज प्रभावित

राजनांदगांव (दावा)। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अकवान के असर से हो रही बारिश ने प्रदेश सहित जिले की धान खरीदी व्यवस्था पर रोड़ा अटका दिया है। खराब मौसम और बारिश के चलते कई समितियों में धान खरीदी का कार्य अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है। उपार्जन केंद्रों में अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को टोकन देकर मौसम साफ होने के बाद आने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान अकवान को लेकर पहले ही अलर्ट जारी किया था। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा के अनुसार, अगले 5 दिनों तक प्रदेश में मौसम प्रभावित रहने का अनुमान है। विशेष रूप से 22 से 25 नवंबर के बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होने और अगले 48 घंटे मौसम के लिहाज से बेहद अहम रहने की संभावना जताई गई है।



खेतों में खड़ी व कटी फसल को लेकर बढ़ी किसानों की चिंता, जिले के 48 केंद्रों में नहीं हो सकी खरीदी

बारिश और ठंडी हवाओं ने बढ़ाई मुश्किलें, कटाई-मिंजाई का कार्य ठप

शुक्रवार सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ठंड बढ़ने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोग गर्म कपड़ों के साथ-साथ कहीं-कहीं अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। मौसम की इस मार का सीधा असर अन्नदाताओं पर पड़ रहा है। धान खरीदी के साथ ही खेतों में चल रही धान की कटाई और मिंजाई का काम पूरी तरह प्रभावित हो गया है। जिन किसानों ने फसल काटकर खेतों में रखी है, उन्हें धान भीगने और गुणवत्ता खराब होने की चिंता सता रही है। लगातार नमी बने रहने से धान को सुखाने में भी परेशानी आ रही है।

जिले के 48 खरीदी केंद्रों में एक दाना भी नहीं खरीदा गया

खराब मौसम के कारण जिले के कुल 122 धान खरीदी केंद्रों में से केवल 74 उपार्जन केंद्रों पर ही खरीदी हो पाई, जबकि 48 केंद्रों में एक दाना तक नहीं खरीदा जा सका। प्रतिकूल मौसम के बीच जिले में अब तक 6,383 किसानों से 24,293.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। किसानों का कहना है कि वे कड़ाके की ठंड में उपार्जन केंद्रों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन बारिश के कारण खरीदी स्थगित होने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। खुले में रखे धान के भीगने की आशंका भी बनी हुई है, हालांकि समिति प्रबंधकों का दावा है कि धान को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में तारपोलिन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से अब मोहड़, मोहारा, सिंगदई एवं हल्दी में बनेगी 24 घंटे जलापूर्ति की आधुनिक व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के विभागीय आदेश के तहत अमृत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत राजनांदगांव शहर में 24×7 जल प्रदाय पायलट परियोजना के लिए 7 करोड़ 36 लाख 27 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। महापौर मधुसूदन यादव ने संस्कारधानी के लिए इसे एक अहम उपलब्धि बताते हुए इसकी स्वीकृति पर शहरवासियों की ओर से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह की तत्परता एवं सतत प्रयासों से ही यह प्रशासकीय स्वीकृति अल्प समय में नगर निगम को प्राप्त हो सकी है। महापौर श्री यादव ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत नगर निगम द्वारा शहर के सीमावर्ती क्षेत्रों– मोहड़, मोहारा, सिंगदई एवं हल्दी को पायलट क्षेत्र के रूप में चुना गया है। यहां नागरिकों को निरंतर और गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल वितरण व्यवस्था, टंकी निर्माण, बोर खनन व स्थापना तथा अधोसंरचना विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु वृहद स्तर पर कार्य किए जाएंगे।



० अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत राजनांदगांव नगर निगम को 24×7 जल प्रदाय पायलट परियोजना हेतु मिली 7.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति
० नगर निगम नागरिकों को बेहतर, निरंतर एवं भरोसेमंद जलापूर्ति सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित : मधुसूदन यादव

सभी परिवारों तक पहुंचेगा कार्यशील नल-जल कनेक्शन

अमृत मिशन 2.0 का मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों को जल-सुरक्षित बनाना तथा सभी परिवारों तक कार्यशील नल-जल आपूर्ति पहुंचाना है। इस परियोजना से मोहड़, मोहारा, सिंगदई एवं हल्दी क्षेत्र के नागरिकों को नियमित, दबावयुक्त एवं 24 घंटे उपलब्ध जलापूर्ति का लाभ मिलेगा। साथ ही जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण से जल हानि (लीकेज) में कमी आएगी और सेवा गुणवत्ता में सुधार होगा।

एक्शन प्लान तैयार करने के दिए निर्देश

महापौर ने कहा कि नगर निगम नागरिकों को बेहतर और भरोसेमंद जलापूर्ति सुविधा देने के लिए संकल्पित है। सीमावर्ती क्षेत्रों में इस पायलट परियोजना के सफल क्रियान्वयन से भविष्य में शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी प्रकार की व्यवस्था विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के पश्चात महापौर ने निगम आयुक्त एवं विभागीय अमले को परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय बैठक बुलाकर एक्शन प्लान तैयार करने और दायित्व निर्धारण करने के निर्देश दिए हैं।

जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

नगर निगम अध्यक्ष टोपेंद्र (पारस) वर्मा, जल कार्य विभाग के प्रभारी पार्षद सुनील साहू, मोहारा पार्षद आलोक श्रोती, हल्दी पार्षद चंद्रकृत साहू, सिंगदई पार्षद मुकेश साहू तथा मोहड़ पार्षद संजय रजक ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भाजपाईयों ने किया देवी-देवताओं का अपमान : कुलबीर

नगर निगम के सत्ताधारी नेताओं पर मां काली, गणेश व भैरव बाबा की प्रतिमा का अनुपयुक्त वाहन (काऊ कैचर) में विसर्जन कराने का लगाया आरोप



राजनांदगांव (दावा)। मां कालिका, भगवान गणेश एवं भैरव बाबा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिक निगम द्वारा अनुपयुक्त वाहन (काऊ कैचर) उपलब्ध कराए जाने पर कड़ा विरोध जताते हुए पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शनिवार, 21 नवंबर को प्रेस वार्ता आयोजित की। श्री छाबड़ा ने आरोप लगाया कि नगर निगम के सत्ताधारी भाजपा नेताओं द्वारा देव प्रतिमाओं को काऊ कैचर जैसे गंदे और अनुपयुक्त वाहन में ले जाकर विसर्जित करना करोड़ों भक्तों की आस्था पर सीधा आघात और देवी-देवताओं का अपमान है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि जिन मां आदिशक्ति जगदम्बा काली, प्रथम पूज्य भगवान गणेश और भैरव जी की पूजा-अर्चना लाखों-करोड़ों श्रद्धालु उपवास रखकर पूरी श्रद्धा, विधि-विधान, मर्यादा और स्वच्छता के साथ करते हैं। उनकी प्रतिमाओं को इस तरह के वाहन में ले जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि 13 नवंबर को रात 9 बजे नगर निगम के जिस काऊ कैचर वाहन में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और महापौर मधुसूदन यादव की तस्वीरें लगी हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि निगम प्रशासन ने यह वाहन अनुमति से दिया या बिना अनुमति के, यह गंभीर जांच का विषय है।

महापौर मधुसूदन से मांगा इस्तीफा या सार्वजनिक माफी

श्री छाबड़ा ने कहा कि कुछ समय पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर निगम द्वारा आस्था को चोट पहुंचाने का बयान दिया था, जिस पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा था कि ऐसा नहीं हुआ है और यदि ऐसा साबित होता है तो वे राजनीति छोड़ देंगे। श्री छाबड़ा ने दावा किया कि अब उनके द्वारा 13 नवंबर की घटना का प्रमाण प्रस्तुत किया जा रहा है, ऐसे में क्या महापौर अपनी जुबान पर कायम रहकर राजनीति छोड़ेंगे या पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल से सार्वजनिक माफी मांगेंगे?

नए वाहन खरीदने की मांग, छोटे कर्मचारियों पर न हो कार्रवाई

श्री छाबड़ा ने मांग की कि शहर की समितियों द्वारा स्थापित की जाने वाली देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के सम्मानजनक विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा नए उपयुक्त वाहन खरीदे जाएं। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, लेकिन वाहन चालक जैसे छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा न बनाकर इसके पीछे जिम्मेदार बड़े पदाधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया उपस्थित रहे।

अग्रसेन भवन में आज गूंजेगा श्री श्याम अखंड ज्योति मंगल पाठ



रायपुर के सुप्रसिद्ध वाचक मनोज शर्मा करेंगे पाठ, सवामणी व छप्पन भोग सहित विविध सेवाएं होंगी अर्पित

राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम महिला मंडल राजनांदगांव के तत्वावधान में रविवार, 22 नवंबर को स्थानीय अग्रसेन भवन में श्री श्याम अखंड ज्योति मंगल पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें रायपुर के सुप्रसिद्ध वाचक मनोज शर्मा द्वारा संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति मंगल पाठ का वाचन किया जाएगा। प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि आयोजन के दौरान श्री श्याम प्रभु की भक्ति एवं आराधना के साथ विभिन्न सेवा के लाभार्थियों द्वारा सवामणी सेवा अर्पित की जाएगी। इसके अंतर्गत श्रीमती ऋचा सौरभ अग्रवाल द्वारा मंगल पाठ सेवा, श्रीमती आशा जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा श्रृंगार सेवा, श्रीमती खुशबू गौरव अग्रवाल द्वारा छप्पन भोग सेवा तथा श्रीमती ज्योति सुशील अग्रवाल द्वारा बधाई सेवा की जाएगी। आयोजन को लेकर श्री श्याम महिला मंडल द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडल ने शहर के समस्त श्याम प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

खाटू श्याम बाबा की पौराणिक मान्यता

खाटू श्याम बाबा को महाभारत काल के वीर बर्बरीक का स्वरूप माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार बर्बरीक घटोत्कच के पुत्र और भीम के पौत्र थे। जिनके पास तीन अमोघ बाण थे। महाभारत युद्ध से पूर्व उन्होंने सदैव कमजोर पक्ष का साथ देने का संकल्प लिया था। भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी वीरता और संकल्प को देखते हुए उनसे शीश दान मांगा, जिसे बर्बरीक ने सहर्ष स्वीकार कर अपना शीश अर्पित कर दिया। उनकी भक्ति और त्याग से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने उन्हें कलियुग में अपने ही नाम श्याम से पूजे जाने का वरदान दिया। राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर और समीपस्थ श्याम कुण्ड देश के प्रमुख आस्था केंद्र हैं। श्रद्धालु उन्हें हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा कहकर स्मरण करते हैं।

मोहारा मेला की तैयारियां अंतिम चरण में, महापौर मधुसूदन यादव ने लिया जायजा



० 23 से 25 नवंबर तक तीन दिवसीय आयोजन, मेले से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश
० पुन्नी स्नान के लिए घाटों की सफाई व अस्थाई चेंजिंग रूम बनाने कहा

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 23, 24 एवं 25 नवंबर को तीन दिवसीय मोहारा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला स्थल पर नगर निगम के अमले द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव ने शनिवार को शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती, उप नेता प्रतिपक्ष मुकेश साहू, पार्षद संजय रजक व चंद्रकृत साहू के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मेले से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर श्री यादव ने तैयारियों का जायजा लेते हुए कहा कि मेले से एक दिन पूर्व स्थल की समुचित सफाई, पेयजल के लिए स्टैंड पोस्ट लगाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सड़क के दोनों ओर पसरा लगाने के लिए मार्किंग तथा पार्किंग स्थल जैसे महत्वपूर्ण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने शिवनाथ नदी के मोहारा एवं हल्दी घाट की सफाई कराकर पुन्नी स्नान के दौरान महिलाओं की सुविधा के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम बनाने के निर्देश दिए, ताकि प्रातःकालीन स्नान में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने दो दिनों तक संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी सभी तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा।

जल संयंत्र गृह की सुरक्षा पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के दौरान जल संयंत्र गृह की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए और वहां किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो। पेयजल जैसी अति आवश्यक सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने को कहा, ताकि मेला स्थल पर व्यवस्थाएं सुचारु रहें और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के. रामटेके, सहायक अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, प्रभारी उप अभियंता चिराग मेश्राम सहित तकनीकी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 67 प्रकरण निपटाए गए, 1.86 करोड़ से अधिक की निपटान राशि

राजनांदगांव सहित तीनों जिलों में जिला व तालुका स्तर पर गठित की गई थीं 8 खंडपीठें



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं तालुका स्तर पर आयोजित इस विशेष लोक अदालत में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिलों के न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस (धारा-138 परक्राम्य लिखत अधिनियम) के प्रकरणों को निराकरण के लिए चिन्हांकित किया गया था। आयोजन के लिए जिला एवं तालुका स्तर पर कुल 8 खंडपीठों का गठन किया गया। विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित कुल 164 प्रकरणों में से 67 प्रकरणों का आपसी सहमति से सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इन मामलों में निपटान राशि लगभग 1 करोड़ 86 लाख 92 हजार 970 रुपए रही। लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन (विवादपूर्व) के मामले प्रस्तुत नहीं किए गए।

सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने ठेकेदार के कर्मियों के खिलाफ एसपी को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और राजनांदगांव क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शुक्रवार को निर्माणकर्ता ठेकेदार के कुछ कर्मचारियों द्वारा जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता भरत वर्मा के खिलाफ एसपी को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद, शनिवार को श्री वर्मा ने भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ठेकेदार के कर्मचारियों के विरुद्ध लिखित शिकायत प्रस्तुत की है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



अभद्रता, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का लगाया गंभीर आरोप, कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग

निरीक्षण के दौरान दी जान से मारने की धमकी

शिकायत के अनुसार, भरत लाल वर्मा मोहला-मानपुर क्षेत्र के दौरे पर जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात में उन्हें सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिली। जिसके बाद वे कुमर्दा से घुपसाल के बीच चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों ने उनसे अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और छत्तीसगढ़ में कहीं भी दिखाई देने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कर्मचारियों ने पूर्व में मुख्यमंत्री तक सड़क निर्माण की शिकायत किए जाने को लेकर नाराजगी जताई और धमकी दी, जिससे वे स्वयं को असुरक्षित एवं मानसिक रूप से आहत महसूस कर रहे हैं।

निर्धारित मापदंडों की अनदेखी का आरोप

भाजपा नेता भरत वर्मा का कहना है कि सड़क निर्माण में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से की गई है और इस पर उच्च स्तरीय जांच की प्रक्रिया भी शुरू हुई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कुमर्दा के पास घटिया निर्माण कार्य देखकर आपत्ति जताने पर ठेकेदार के कर्मियों ने उनसे बदतमीजी की। श्री वर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित कर्मचारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने पूर्व पार्षद दीपक चौहान सहित बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी अंकिता शर्मा की अनुपस्थिति में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

आवश्यकता है
कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन, राजनांदगांव
शिक्षकों की आवश्यकता है
बी.एड.
बी.बी.ए.
बी.सी.ए.
बी.कॉम.
इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संपर्क करें
8818900074
principalconfluence@gmail.com

आवश्यकता है।
वाहनों में जीपीएस एवं रेडियम लगाने हेतु युवकों की एवं ऑफिस वर्क हेतु युवती की।
सम्पर्क :- अग्रवाल परिवहन सुविधा केन्द्र
रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव
युवकों की सैलरी 12000/-
युवक एवं युवती अपना रिज़ियुम लेकर ही आवें।

आवश्यकता है
अर्टिगा कार चलाने हेतु कुशल ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन चार अंकों में।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
संपर्क - 9300414726

आवश्यकता है
टर्नल और हेल्पर की ओम इंजीनियरिंग वर्क शॉप
कार्य स्थान - राजनांदगांव
-: संपर्क :-
79991-61135
81037-58669
जल्दी सम्पर्क करें

श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
पार्किंग की समुचित व्यवस्था
सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
भवन में लिफ्ट की सुविधा
शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यों हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मोबा. - 9300414726, 9893642542

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com